


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 26 जुलाई 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-02 ■ वर्ष -41 ■ अंक-119 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### करंट लगने से 6वीं कक्षा की छात्रा की मौत

**बिलासपुर,26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 6वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की करंट लगने से मौत हो गई. हादसे के बाद छात्रा को अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना कोनी क्षेत्र के सेमरताल की है. पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार, कोनी थाना क्षेत्र के सेमरताल निवासी रमेश धीवर की 11 वर्षीय बेटी दीपा धीवर कक्षा छठवीं में पढ़ती थी. शुक्रवार शाम दीपा कूलर चालू करने के लिए प्लग लगा रही थी, तभी करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। उसे सिम्स अस्पताल ले जाया गया. जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### खास होगा इस बार का राज्योत्सव

**रायपुर,26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर साय सरकार धूमधाम से रजत जयंती वर्ष मनाने की तैयारी कर रही है. इस अवसर पर 25 सप्ताह तक लगातार आयोजनों का सिलसिला चलेगा. इसकी शुरुआत 15 अगस्त 2025 से होगी, और समापन 06 फरवरी 2026 को होगा. रजत जयंती वर्ष पर किए जाने वाले आयोजनों के संबंध में धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए बैठक हुई, जिसमें राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और जिला कलेक्टर शामिल हुए. बैठक में बताया गया कि इस दौरान तमाम शासकीय विभागों के माध्यम से GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी) पर आधारित राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय, जनपद स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इन आयोजन का उद्देश्य सरकारी, निजी क्षेत्र एवं आम जनमानस की सक्रिय सहभागिता से जन गौरव और देश भक्ति को बढ़ावा देना होगा. रजत जयंती वर्ष के आयोजन में प्रत्येक विभाग विभागीय मंत्री के नेतृत्व में निर्धारित विशेष सप्ताह में पंचायत, जनपद, जिला एवं राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे.

**सार बातें** — कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बोले थल सेनाध्यक्ष

# भारत का जवाब अब निर्णायक होगा

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** कारगिल विजय दिवस 2025 पर थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लद्दाख की पहाड़ियों से पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी दी। कहा, भारत की संप्रभुता, अखंडता और नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को अब करारा और निर्णायक जवाब मिलेगा। जनरल द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि सेना अब New Normal के तहत काम कर रही है। इसके तहत दुश्मन की हर हरकत का त्वरित, ताकत और तकनीकी दक्षता के साथ जवाब दिया जाएगा। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 से 9 मई को किए गए हमले का जिक्र करते हुए कहा, भारतीय सेना ने बेहद सटीक और नियंत्रित प्रतिक्रिया दी है। इस दौरान हमारी सेना वायु रक्षा एक ऐसी अजेय दीवार बनकर खड़ी रही, जिसे कोई ड्रोन, मिसाइल या आतंकी नहीं भेद सका। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी ढांचे को नेस्तनाबूद कर दिया है। हमने पहले शांति को अवसर दिया, लेकिन फिर कायरता का उत्तर भी पराक्रम के साथ दिया है। भारतीय सेना अब आधुनिक, तकनीक-समर्थ और तेज़ स्पेशल फोर्स में बदल रही है। 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियन का गठन, प्रत्येक इन्फैंट्री बटालियन में ड्रोन प्लाटून की तैनाती, आर्टिलरी में लोइटर म्यूनिशन और दिव्यास्त्र बैटरियां, सेना वायु रक्षाको स्वदेशी मिसाइल सिस्टम से सुसज्जित किया जा रहा है। सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, हम टाइगर हिल, तोलोलिंग और प्वाइंट 4875 की ऊंचाइयों से वीरों की गाथा को नमन करते हैं। 1999 में 'ऑपरेशन विजय' के तहत भारतीय सेना ने वहां तिरंगा फहराया था। अब हम 'ऑपरेशन सिंदूर' से फिर दिखा चुके हैं कि भारत अब पहले से कहीं ज़्यादा ताकतवर और संगठित है।



# मोदी फिर बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर जियो पॉलिटिक्स में अपनी लोकप्रियता का परचम लहराया है। अमेरिका की प्रसिद्ध बिजनेस इंटेलिजेंस फर्म Morning Consult की हाल ही में जारी ग्लोबल अप्रूवल रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी को 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे पॉपुलर नेता हैं। दक्षिण कोरिया और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। 4 जुलाई से 10 जुलाई के बीच हुए इस सर्वे में दुनियाभर के 20 से ज्यादा नेताओं को शामिल किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 44% लोगों का सर्पोट मिला, लेकिन 50% लोग उनके विरोध में वोट किए। इसी तरह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और चेक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री पेट्र फिआला को सिर्फ 18% लोगों ने पसंद किया। इनके विरोध में 74% वोटिंग हुई। अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में 20 से अधिक लोकतांत्रिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल किए गए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले नंबर-1 पर हैं। जबकि अन्य वैश्विक नेता पीछे छूट गए। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रिपोर्ट साझा करते हुए लिखा-यह भारत की लोकतांत्रिक ताकत और पीएम मोदी के प्रति जनसमर्थन का प्रमाण है।



### मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता बनने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र और नेतृत्व क्षमता की वैश्विक मान्यता भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाया है।

# पानी-पानी हुआ रायपुर सड़क नाले और घरों में भरा पानी

### लोगों ने किया चक्काजाम तो लगा लंबा जाम, घंटों फंसे लोग

**रायपुर,26 जुलाई।**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हालात बिगड़ गए हैं. जिले में शुक्रवार रात को शुरू हुई झमाझम बारिश सुबह तक जारी रही. इस तेज बारिश के कारण पूरा शहर पानी-पानी हो गया. कई इलाके डूब गए. नाले उफान पर आ गए, जिस कारण सड़कों और घरों पर पानी भर गया. लोग रातभर सो भी नहीं पाए. वहीं, जलभराव से आक्रोशित लोगों ने कुशालपुर में चक्काजाम कर दिया. इस कारण 2 KM लंबा जाम लग गया. वहीं, लोग दो घंटे से ज्यादा समय तक इस जाम में फंसे रहे.

कुशालपुर इलाके में जलभराव होने के कारण लोगों ने नेशनल हाई-वे पर जाम कर दिया. इस समस्या को लेकर धरने पर बैठे स्थानीय लोगों के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. यहां 2 KM लंबा जाम लग गया. हाई-वे पर 2 KM लंबा जाम और स्थानीयों के प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. इस दौरान पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थानीयों ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक नहीं हटेंगे.

### प्रदर्शन हुआ उग्र

पुलिस के समझाने के बाद भी स्थानीयों ने चक्काजाम खत्म करने से इंकार कर दिया. देखते ही देखते यह प्रदर्शन उग्र हो गया. इस दौरान पुलिस और स्थानीयों के बीच धक्कामुक्की भी हो गई. काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया,लेकिन लोग सड़क पर नारेबाजी करते रहे.





**जाम में फंसी एंबुलेंस**-इस जाम में एक एंबुलेंस भी बुरी तरह फंस गई, जिस कारण उसे अस्पताल ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा.

# विधायक भावना बोहरा की कांवड़ यात्रा अंतिम चरण में विजय शर्मा ने दी शुभकामनाएं

**कवर्धा,26 जुलाई**

पंडरिया विधायक भावना बोहरा की 7 दिवसीय कांवड़ पदयात्रा अपने अंतिम चरण में है. इस दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अचानक डोंगरिया पहुँचकर उन्हें श्रीफल और शॉल भेंटकर कठिन यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं. पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने 21 जुलाई को मध्यप्रदेश के पवित्र नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी. 300 से अधिक बम श्रद्धालु के साथ कठिन और टेढ़े-मेढ़े रास्तों से यह पदयात्रा रविवार को भोरमदेव बाबा के दरबार में जलाभिषेक के साथ पूर्ण होगी. भावना बोहरा यात्रा के बीच डोंगरिया पहुँची, जहां रात्रि विश्राम की सुबह सुबह प्राचीन जालेश्वर महादेव मंदिर में जल अर्पण कर भोरमेदव मंदिर के लिए प्रस्थान किया यहां का धार्मिक माहौल शिवभक्तों से सराबोर रहा. इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अचानक डोंगरिया पहुँचकर विधायक भावना बोहरा से भेंट की. उपमुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने लायक था. "हर हर नर्मदे" और "बोल बम" के जयघोषों से पूरा डोंगरिया क्षेत्र गूंज उठा.



### आतंकी संचार व नशे की समस्या से निपटने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवादी समूहों द्वारा एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करने पर चिंता जताई और साथ ही इस समस्या से निपटने के लिए एक विशेष मंच स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि आतंकी संगठनों के सोशल मीडिया के जरिए खुफिया संचार पर लगाम कसी जा सके। गृह मंत्री ने भगोड़ों को वापस लाने के लिए भी एक मजबूत तंत्र और बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपील की। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 8वें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में ये बातें कही।

# लगातार बारिश से कच्चा मकान ढहा मलबे में दबने से मासूम बच्ची की मौत

**बलरामपुर,26 जुलाई**

लगातार बारिश से शनिवार रात रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र में एक कच्चा मकान अचानक ढह गया. इस दर्दनाक हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि घर में मौजूद अन्य छह लोग किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए. जिले की लगातार बारिश से लगभग नदियां उफान पर हैं. कनहर नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वहीं सिंदूर नदी गेउर नदी भी उफान पर है. लगातार बारिश की वजह से वार्ड क्रमांक 13 में एक कच्चा मकान ढह गया. घटना के समय प्रमोद रवि (35 वर्ष) पिता चंद्रदेव राम अपनी पत्नी सुनीता व चार बच्चे – दीपक, राधा, काजल और खुशबू के साथ अंदर था. देर रात कच्चे मकान के भरभरा कर गिरने से पूरा परिवार मलबे में दब गया. मोहल्ले वालों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और सभी को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक मासूम खुशबू की मौके पर ही मौत हो चुकी थी. घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है.



घटना की जानकारी मिलते ही रामानुजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की. इधर घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. लोगों का कहना है कि जर्जर और कच्चे मकानों की प्रशासनिक स्तर पर पहले से जांच कर उन्हें खाली कराना चाहिए था.

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने नारायणपुर में तीव्र विकास की आवश्यकता पर दिया जोर

**जगदलपुर,26 जुलाई।** आकांक्षी जिले भारत की उस भावना का प्रतीक हैं, जिसमें शासन, विकास और गरिमा को देश के हर अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प निहित है। नारायणपुर केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय विकास यात्रा में एक प्राथमिकता है। यह बात केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आज नारायणपुर जिले के दौरे के दौरान कही। उनका दौरा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आकांक्षी जिलों कार्यक्रम (ADP) के अंतर्गत हुआ – जिसका उद्देश्य भारत के सबसे पिछड़े जिलों में एकीकृत योजनाओं, सहभागिता और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से समग्र विकास को गति देना है। डॉ. पेम्मासानी के दौरे ने केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जिसके तहत नारायणपुर जैसे जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन और आजीविका जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मापनीय प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने और संवेदनशील, पारदर्शी व परिणामोन्मुखी शासन व्यवस्था को जमीनी स्तर तक ले जाने पर जोर दें। मंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत खड़का गांव में वृक्षारोपण से की। वहाँ पर स्थानीय आदिवासी समुदाय ने उन्हें पारंपरिक नृत्य और संगीत के साथ स्वागत कर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया।

# राजस्थान सीएम ऑफिस और जयपुर एअरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर,26 जुलाई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हवाई अड्डे के ईमेल पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद पुलिस सीआईएसएफ और बम निरोधक दस्ते ने तत्काल घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है और अधिकारियों का मानना है कि यह झूठी धमकी हो सकती है। आईएएनएस, जयपुर। शनिवार को जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को बम की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। दरअसल, हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया था कि हवाई अड्डे और सीएमओ को एक से दो घंटे के भीतर उड़ा दिया जाएगा।



**धमकी के तुरंत बाद अलर्ट मोड पर आई पुलिस**-धमकी भरे ईमेल के सामने आने के बाद पुलिस, सीआईएसएफ, बम निरोधक दस्ते, तोड़फोड़ निरोधक इकाइयों, अग्निशमन दल और नागरिक सुरक्षा दलों सहित कई एजेंसियों ने तुरंत दोनों जगहों की घेराबंदी की और गहन तलाशी ली। इसके अलावा हवाई अड्डे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करने के साथ खोजी कुत्तों को तैनात किया गया। अभी तक की जानकारी के अनुसार, किसी भी प्रकार के किसी संदिग्ध वस्तु या फिर विस्फोटक के प्राप्त होने की खबर नहीं है।



### बाढ़ से फंसे तीन लोगों को बचाया गया

**भिलाई,26 जुलाई।** एसडीआरएफ दुर्ग की त्वरित कार्रवाई करते हुए कुम्हारी के ग्राम सुरजीडीह में बाढ़ से फंसे तीन लोगों को बचाया गया रेस्क्यू के बाद सभी तीनों लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है एसडीआरएफ दुर्ग के प्रभारी एवं जिला सेनानी नागेंद्र कुमार बानसूर ने बताया कि आज सुबह ग्राम सुरजीडीह नाला, थाना कुम्हारी में चोरहा नाला ग्राम रामपुर नाला के किनारे बने बाड़ी में नाले के पानी से बाढ़ आ जाने 03 लोग फंस गए हैं। दुर्ग कंट्रोल रूम की सूचना पर एस.डी.आर.एफ. टीम तत्काल रवाना किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद 03 लोगों (महिला, पुरुष,) एवं तीन बकरी को सुरक्षित निकाला गया। बचाये गए व्यक्तियों में वासु, त्रिभुवन एवं भूमि शामिल है। सभी को सुरक्षित स्थान में पहुंचा दिया गया है।

**सार बातें** — पायलट ने सरकार पर लगाया केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

# सचिन पायलट ने जेल में चैतन्य व लखमा से की मुलाकात

**रायपुर,26 जुलाई**

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. राजधानी पहुंचते ही उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात की. मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि चैतन्य ने मजबूती से लड़ाई लड़ने की बात कही है. इसके साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंद्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग विपक्ष को दबाने के लिए कर रही है. लेकिन वे भाजपा चाहे जो कर लें, हमारा कांग्रेस परिवार एक कदम पीछे नहीं हटेगा. बता दें, छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने 18 जुलाई को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर छापेमार कार्रवाई करते हुए शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में उनके बेटे चैतन्य को भी गिरफ्तार किया है. ईडी की इस कार्रवाई के बाद से छत्तीसगढ़ में राजनीति गरमाई हुई है. सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों को दबाने का प्रायस कर रही है. भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विरोधी दलों के लिए कर रही है. 10 साल में किसी भाजपा नेता के विरुद्ध कोई जांच सेंट्रल एजेंसी ने नहीं की है. इस दौरान उन्होंने जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा के स्वास्थ खराब होने की भी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा का स्वास्थ्य खराब है. अधिकारियों से कहा है कि उनका ध्यान रखें. कवासी लखमा के हौसले बुलंद है.



**विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश**-वहीं केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि एजेंसियां कांग्रेस के नेताओं को संदेश दे रही हैं कि आप आवाज बुलंद करेंगे तो आपका भी यही हाल होगा. केंद्र और प्रदेश की एजेंसियों का उपयोग विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है. छवि धूमिल करने ये कार्रवाई की जा रही है.उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में ये साबित हो चुका है कि मुद्दों से भटकाने के लिए विपक्ष के नेताओं को टारगेट कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि बीजेपी कोशिश कर रही है कि कोई उनके खिलाफ आवाज न उठाए. उन्हें दबाने के लिए ये सब किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के लिए खड़ी है. परिवार के एक-एक सदस्य के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ेगी.

### विधायक पुरंदर मिश्रा के बयान का पलटवार

विधायक पुरंदर मिश्रा के बयान पर भी उन्होंने पलटवार किया है. रायपुर विधायक मिश्रा ने कहा था कि सचिन पायलट को परिवार की चिंता है, कांग्रेस की नहीं. इसपर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के लिए खड़ी है, परिवार के एक-एक सदस्य के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ेगी. जो भी कर ले, लेकिन हम और हमारी पार्टी एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी.

# अवैध खाद बिक्री पर प्रशासन सख्त

## किराना व्यवसायी पर कृषि विभाग ने की कार्यवाही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 26 जुलाई।** पूरे प्रदेश में यूरिया खाद की कमी के चलते जमकर कालाबाजारी की जा रही है, राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखण्ड में यूरिया खाद की अवैध बिक्री करने की शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी कृषि राजनांदगांव, खाद्य निरीक्षक जी. पी. सहारे के नेतृत्व एवं पुलिस थाना छुरिया के सहयोग से ग्राम कल्लू बंजारी में गीतेश पटेल किराना स्टोर्स में छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें बिना लाइसेंस के मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री करते पाया गया. किराना दुकान से छः बोरी



यूरिया खाद तथा माइक्रोलाइजर खाद बरामद की गई. जिस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (3,7) के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार खाद्य निरीक्षक जी. पी. सहारे को कल्लू बंजारी में यूरिया खाद की बिना लाइसेंस अवैध बिक्री की शिकायत मिलने पर स्वयं खाद निरीक्षक द्वारा ग्राहक बनकर गये गीतेश पटेल किराना स्टोर्स कल्लू बंजारी के संचालक गीतेश कुमार पटेल द्वारा 900 में एक बोरी यूरिया 45 कि.ग्रा. तथा एक पैकेट माइक्रोलाइजर 4 किलो दिया गया जिसके बाद कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही की सभी ने प्रशंसा की है और सराहा है।

अब सवाल यह उठता है कि आखिर छोटी मोटी मछलियों का शिकार करके विभाग फूले नहीं समा रहा है लेकिन बड़े बड़े शिकारियों का शिकार कब होगा क्योंकि एक किराना दुकान में छापा मारकर कार्यवाही कर देने से कुछ नहीं होगा इस क्षेत्र में अन्य ग्रामों जैसे? गैंदाटोला, खोभा, आटरा, चिचोला, जोब जैसे गांवों में भी यूरिया खाद की कालाबाजारी खुले आम हो रही है। और तो और कुछ समय पहले गैंटाटोला में एक दुकान में इसी खाद के मामले मे एक सरकारी भवन में 560 बोरी यूरिया की जब्ती बनाई गई थी उसका अब तक कोई अता पता नहीं हैं मामला पूरी तरह से ठंडे बस्तें में चला गया। आखिर पंचनामा बनी हुई उस 560 बोरी यूरिया खाद गई कहां। और कोई ठोस कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।

विभाग को इस तरह की छापेमार कार्यवाही अन्य ग्रामों में भी करने और किसानों के हित में कार्य करने मेंदेर नहीं करनी चाहिये। और ठीक किसानी के समय किसान हित में कार्य करना चाहिये ऐसा सभी किसान भाईयों की इच्छा है।

## शासकीय जमीन पर अतिक्रमण निगम की टीम ने तोड़ा



**राजनांदगांव 26 जुलाई।** नगर निगम द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी होने पर उसे तोडने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। जीवन कालोनी के पीछे शासकीय नाले की जमीन पर नाली निर्माण की जानकारी होते ही निगम की टीम ने आज नाली को जेसीबी से उखाड़ने की कार्यवाही की।

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शहर को व्यवस्थित एवं सुगम यातायात के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही निगम सीमांतर्गत अवैध प्लांटिंग की जॉच कर उसे उखाडने के अलावा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है।

## एक नजर

### तिल्दा नगर पालिका परिषद की प्रेजिडेंट इन कौंसिल भंग

**तिल्दा नेवरा, 26 जुलाई।** नगर पालिका परिषद की प्रेजिडेंट इन कौंसिल को आज अचानक भंग कर दिया गया है नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 एव71 तहत गठित समितियों को भंग किया गया है।

### सेन समाज ने फौजी भाइयों के लिए रक्षा सूत्र भेजा



**रायपुर, 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सर्वसेन समाज जिला रायपुर के तत्वाधान में सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए हर साल की तरह इस बर्ष भी रक्षा सूत्र भेज कर उनकी लंबी आयु की शुभकामनाएं की गई ,उक्त कार्यक्रम में सर्वसेन समाज रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के नेतृत्व में जिला के संरक्षक नारायण प्रसाद सेन, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुशील कौशिक, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव श्री अनिल सेन, श्री दिलीप सेन, श्री राजाराम सेन, कमलेश श्रीवास ,छत्तीसगढ़ के हेयर गुरु श्री राज श्रीवास श्रीमती कीर्ति श्रीवास ,कुमारी गुंजन कुमारी रेमन श्रीवास, मीडिया प्रभारी ईश्वर सेन एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुलदीप, सागर सेन, चंद्रशेखर श्रीवास, कुंज बिहारी सेन, श्री शालिनी सेन, श्री राधा, सुश्री प्राची पटेल, अखिल कुमार , श्री गंगा देवी, सुश्री कोमीका , रवि सेन ,हनु ठाकुर तरुण सेन ,राधे श्याम श्रीवास ,विजेंद्र सेन, रमेश दाउ लाल श्रीवास, सती सतीश श्रीवास श्रीमती श्यामा दानीराम सेन, श्रीमती लता शांता श्रीवास,रानु,संतोष ठाकुर, आदि सभी ने सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए रक्षा सूत्र भेज कर उनकी लंबी आयु की शुभकामना की गई,उक्त जानकारी जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर एवं सचिव दिलीप सेन ने संयुक्त रूप से दी।

### व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी

**बीजापुर 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 27 जुलाई 2025 दिन रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 हेतु बीजापुर जिले में 09 परीक्षा केन्द्र जिसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर, शहीद वेंकटराव कालेज बीजापुर, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल, आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन बीजापुर, पालिटेक्नीक कालेज बीजापुर, आईटीआई बीजापुर, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मांझीगुड़ा बीजापुर, कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम सेकेण्डरी स्कूल धनोरा को बनाया गया है। जिसमें बीजापुर जिले मे 2279 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। वहीं 27 जुलाई 2025 दिन रविवार को आयोजित परीक्षा सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त परीक्षा में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया जिसके तहत परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद किया जावेगा।

### पॉलीटेक्निक बीजापुर में हुआ भूतपूर्व छात्र सम्मेलन



**बीजापुर 26 जुलाई।** जिले के एक मात्र इंजिनीयरिंग संस्थान शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर में संस्था के विकास तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों के कैरियर संवर्धन हेतु भूतपूर्व छात्र सम्मेलन-2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का थीम था अपनी यादों को फिर से याद करें, पुनः जियें और उनका आनंद लें यह सम्मेलन हाइब्रिड पद्धति पर आधारित था जिसमे छात्र प्रत्यक्ष संस्था में उपस्थित होकर तथा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े रहे। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्रों का सम्मान, परिचय तथा अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भूतपूर्व छात्र सेल द्वारा किया गया जिसके अध्यक्ष श्री संदीप कुमार सोनी, व्याख्याता भौतिकी तथा सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम से वर्तमान अध्ययनरत विद्यार्थियों ने बहुत सारी बाते जानी।

### फसल बीमा के लिए आवेदन 31 तक

**बीजापुर 26 जुलाई।** खरीफ वर्ष 2025 में फसल बीमा हेतु उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद को अधिसूचित किया गया है। उक्त फसलों की बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित है। बीमा हेतु प्रीमियम राशि कुल बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर टमाटर हेतु 6000 रूपए, बैंगन 3850 रूपए मिर्च 3400 रूपए, अदरक 7500 रूपए, केला 4250 रूपए, पपीता 4350 रूपए एवं अमरूद 2250 रूपए कृषकों द्वारा देय होगी। अऋणी किसान इस योजना के तहत् निर्धारित तिथि के पूर्व निकटम बैंक शाखा, सहकारी समिति, सी.एस.सी. सेन्टर, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (छब्व्च) के माध्यम से अपने फसलों का बीमा कर योजना का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय सहायक संचालक उद्यान एवं जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कार्यालय बैदरगुड़ा, पामलवाया, बीजापुर, गौराबेड़ा, उसूर, पेगड़ापल्ली एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधि मो.न.-6260703107 से सम्पर्क कर उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते है।

## पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का भौतिक सत्यापन निगम सभागृह में जारी

**राजनांदगांव 26 जुलाई।** सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, किन्तु भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जाना है। सत्यापन कार्य नगर निगम के सभागृह में किया जा रहा है। सत्यापन कार्य प्रतिदिन जारी है, शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन भी दोपहर 2 बजे तक सत्यापन किया जाएगा।



सत्यापन के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा केन्द्रीय पेशन योजनाओं- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के हितग्राहियो का वार्षिक सत्यापन हेतु इस वर्ष शासन द्वारा मोबाईल एप बेनीफिसरी सत्यापन एप तैयार कराया गया है, उक्त एप एनराइड मोबाईल से किया जा रहा है। सत्यापन के लिए नगर निगम सभागृह में शिविर लगाया गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजना में निगम सीमांतर्गत 10 हजार 9 सौ 14 पेंशन हितग्राही है जिनमें से आज दिनांक तक 2 हजार 67 हितग्राहियो ने सत्यापन कराया है, शेष 8 हजार 8 सौ 47 हितग्राहियो का सत्यापन किया जाना है। उन्होंने पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियो से अपील की है कि अपना आधार एवं मोबाईल लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर सत्यापन करा लेवे, जिससे पेंशन योजना का लाभ मिलता रहे। उन्होंने पार्षदों से भी अपील की है कि अपने वार्ड के पेशन हितग्राहियो को प्रोत्साहित कर सत्यापन करावे।

## एग्रीस्टैक पोर्टल में सुधार की मांग

### छुरिया तहसील के किसानों ने की कृषिमंत्री से मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 26 जुलाई।** कुमर्दा व छुरिया तहसील अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम भेजराटोला के किसानों के आईडी को लेकर एम.डी.ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, संजय सिन्हा, राजेश्वर ध्रुव एवं लगभग 35 किसानों के साथ राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात की है। श्री नेताम ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सुधार किया जाएगा।

किसानों ने बताया कि ग्राम भेजराटोला ग्राम पंचायत गोपालपुर यह की हम भेजराटोला के कृषकगण विगत 5-7 वर्षो से जो एग्रीस्टैक पोर्टल सुधारने के लिए संबंधित कार्यलय को आवेदन देकर अवगत करा दिया गया है। पर सुधार नही हो पाया है। यह है कि छुरिया विकासखण्ड में दो भेजराटोला हैं।



जों की दोनों तह. छुरिया के अंतर्गत आता है जिसका रा.नि.मं. खोभा ग्रामपंचायत गोपालपुर तथा सेवा सहकारी समिति खोभा पंजीयन क्रमांक-702 में आता हैं। चूंकि दुसरा ग्राम - भेजराटोला, तह.- कुमरदा, ग्राम पंचायत हालाडुला तथा सेवा सहकारी समिति - कुमरदा में आता है। और दोनो ग्राम के किसानो का कृषि संबंधि खसरा तथा रकबा अलग-अलग तहसिल में प्रदशित होता है छुरिया तह. के भेजराटोला का विवरण कुमरदा तह. के भेजराटोला में दिखाई देता है। इसी प्रकार से कुमरदा तह. के भेजराटोला का विवरण छुरिया तह. के भेजराटोला में दिखाई देता है। यह त्रुटि होने के कारण शासन के द्वारा निर्देश के अनुसार प्रत्येक किसानो का आई डी कार्ड या पंजीयन करना है। लेकिन सोसायटी मे यह त्रुटि होने के कारण यह पंजीयन नही हो पाया है। सोसायटी द्वारा जो कृषकगण का त्रुटि है उस प्रपत्र को संलग्न करते हुए उपर वर्णित बिंदुओ पर बारीकी से जांचकर हमारे ग्राम भेजराटोला कि एग्रीस्टैक पोर्टल को सुधारने की मांग की गई।

### सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह 28 से

**रायपुर, 26 जुलाई।** नीति आयोग द्वारा चयनित पिछड़े क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय एवं नवाचारी कार्यों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' के अंतर्गत राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 2 अगस्त 2025 को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश के आकांक्षी विकासखण्डों में 28 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में नीति आयोग द्वारा चयनित विकासखंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 अधिकारी एवं 10 फ्रंटलाइन वर्कर्स को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक जिले से 10 प्रतिनिधियों की राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## स्वार्थ घटने पर ही दया और दान संभव : मनीष सागरजी महाराज

### विपरीत परिस्थितियों में भी हमेशा शांत रहना चाहिए तभी सही निर्णय होंगे

**रायपुर, 26 जुलाई।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में शुक्रवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि जो समविभाग नहीं करता, उस जीव का मोक्ष नहीं होता है। जो इतना स्वार्थी है कि अपनी प्राप्त सामग्री में से यदि किसी को आवश्यकता होते हुए भी नहीं दे सकता तो वह राग व द्वेष में उलझा रहता है। जब व्यक्ति किसी को थोड़ा भी नहीं दे पाएगा तो राग द्वेष रहित जीवन को कैसे जी पाएगा। स्वार्थ रहित जीवन कैसे पाएगा, इसलिए सुपात्र दान



देना चाहिए। सदैव दया का भाव, दान का भाव रखना चाहिए क्योंकि स्वार्थ घटने पर ही दया और दान संभव है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन मे सबसे पहला काम होता है मन को शांत रखना। आप जब अपने मन को शांत रखोगे तभी सबके मन को शांत रख पाओगे। विपरीत परिस्थितियों में हमेशा शांत रखना चाहिए। शांत रहकर ही हमेशा सही निर्णय कर पाओगे। संसार में इच्छा शक्ति करो तो राग बढ़ता है। इच्छा की थोड़ी उपेक्षा हो जाए, मन मुताबिक नहीं हो तो व्यक्ति द्वेष करता है। राग में सर्वस्व लुटाने की कोशिश करता है और द्वेष में आकर सर्वस्व छीन जाता है। संसार में अपेक्षा इंसान को दुखी करती है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन में सबसे मुख्य सुधारक सच्ची समझ है। हमें समझ सही करने का प्रयत्न करना है। अपनी समझ से हम जीते हैं। सत्संग के लिए आते हैं तो दूसरों की समझ भी मिल जाए, इसके चयन के लिए हमें कुछ विकल्प मिल जाए और ऑप्शन मिल जाए, इतने सारे ऑप्शन में उल्टी व सही समझा कौन सी है और सही समझ को हम स्वीकार करना सीखे तो धीरे-धीरे हमारी समझ भी ज्ञानियों की समझ से मिल जाएगी। यही हमारे जीवन को सुधारने में मददगार होगी।

## नागलसर में लगा स्वास्थ्य शिविर

**जगदलपुर, 26 जुलाई।** जगदलपुर विकासखण्ड अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर के अधीन अंदरूनी वनग्राम नागलसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गुरुवार एवं शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर चिकित्सकों और चिकित्सा दल को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएल दरियो, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान गांव के ग्रामीणों से भेंटकर उनके



स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और उन्हें स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने, शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने सहित बुखार-मलेरिया एवं उल्टी दस्त से पीड़ित होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार करवाने संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। इस मौके पर क्षेत्र के सेक्टर सुपरवाइजर शिव भंडारी ने बताया कि ग्राम नागलसर में सोमवार 21 जुलाई को डीएमओ, बीएमओ और सुपरवाइजर द्वारा विजिट किया गया था। इस ग्राम की कुल जनसंख्या 503 और घरों की संख्या 92 है जिसमें 80 घर और 400 की जनसंख्या को एमएमसी 12 के तहत कवर कर लिया गया है।

## मेरा गांव मेरी पहचान योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर, 26 जुलाई।** सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं को दूरस्थ क्षेत्रों के अंतिम घर तक पहुँचाने और ज़िले के हर गांव को विशिष्टता के साथ आदर्श ग्राम बनाने तथा उनकी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पहचान को संजोने के उद्देश्य से रायपुर जिला प्रशासन द्वारा मेरा गांव मेरी पहचान योजना शुरू की गई है। योजनांतर्गत आज एकदिवसीय कार्यशाला रेडक्रॉस सभा कक्ष, कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में इस अभिनव योजना की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामों की छुपी हुई विशेषताओं को उजागर कर उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिलाना है। अलग-अलग विभाग द्वारा न सिर्फ योजनाओं का लाभ अंतिम हितग्राही तक पहुँचाया जाएगा, इसके साथ ही किसी एक या एक से अधिक ग्राम का चयन कर उसे विशेष तौर पर एक पहचान प्रदान करने की कोशिश की जाएगी जैसे कृषि विभाग द्वारा किसी ग्राम को पूर्ण दलहन, तिलहन ग्राम या महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किसी ग्राम को पूर्णतः कुपोषण मुक्त बनाना, अन्य विभागों द्वारा किसी ग्राम में ग्रामीणों को किसी विशिष्ट योजना के माध्यम से लाभान्वित करना। इस योजना के तहत जिले के 78 गांवों का चयन किया गया है।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा, जिले में बनाए गए 10 परीक्षा केंद्र, 2 हजार 913 परीक्षार्थी होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 26 जुलाई 2025।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु तैयारियों के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के परीक्षार्थियों से



पालन संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए साथ ही आवश्यक प्रबंध समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि परीक्षा में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी परीक्षा अवधि में पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चन्द्राकर, अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला श्री हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर श्री दुकालू राम ध्रुव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रयास विद्यालय : 28 को होगी द्वितीय प्रतीक्षा सूची की काउंसलिंग

**मोहला 26 जुलाई।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग 28 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी।

काउंसलिंग प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, रायपुर में की जाएगी। विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

## रुद्राक्ष के दर्शन मात्र से पाप नष्ट हो जाते हैं : डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज

**रायपुर, 26 जुलाई।** जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में चल रहे चातुर्मास प्रवचन माला के क्रम को गति देते हुए शिव पुराण की दिव्य अमृतमयी कथा का व्याख्यान करते हुए शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ.इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि रुद्राक्ष के दर्शन करने मात्र से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान शंकर के नेत्र से रुद्राक्ष की उत्पत्ति मानी जाती है। उन्होंने कहा पूर्व काल की बात है कि एक बार भगवान शिव दिव्य हजारों वर्ष तक तपस्या में संलग्न थे, तपस्या करते हुए उनके मन में क्षोभ उत्पन्न हुआ और क्षोभ के कारण उनकी दोंनोंआंखों से आंसू निकले उन आंसूओं से रुद्राक्ष की उत्पत्ति मानी जाती



है,अतः रुद्राक्ष भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। जो व्यक्ति रुद्राक्ष धारण करता है भगवान शिव पर उस पर अत्यंत प्रसन्न हो जाते हैं। डॉ.इन्दुभवानन्द महाराज ने कहा भोग और मोक्ष को चाहने वाले, पार्वती व शिव की प्रसन्नता को प्राप्त करने वाले लोगों को अवश्य ही रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। जो रुद्राक्ष आंवले के आकार का होता है,उसे सबसे श्रेष्ठ माना जाता है।गुञ्जाफल के समान रुद्राक्ष उत्तम माना जाता है वैसे रुद्राक्ष एक मुखी से लेकर 14 मुखी तक होते हैं।उन्होंने कहा भगवान शिव पार्वती को उपदेश देते हुए कह रहे हैं जिसके गले में रुद्राक्ष की माला होती है, उस माला का दर्शन करके पांचों देव विष्णु, देवी दुर्गा, गणेश और सूर्य तथा मैं स्वयं प्रसन्न हो जाता हूं। प्रत्येक प्राणी को रुद्राक्ष की विधिवत पूर्ण पूजन व अभिमंत्रित करके ही रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

डॉ.इन्दुभवानन्द महाराज ने कहा रुद्राक्ष की माला जिसके गले में रहती है उसको भूत-प्रेत पिशाच डाकिनी शाकिनी तथा अन्य द्रोह करने उसके पास नहीं आते और , अभिचारादि(जादू-टोना) का प्रयोग भी रुद्राक्ष धारण करने वाले व्यक्ति पर प्रभावित नहीं करता है,अतः सभी वर्णों के लोगों को रुद्राक्ष अवश्य धारण करना चाहिए वैज्ञानिक दृष्टि से भी रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति को अनेकानेक लाभ प्राप्त होते हैं जो रुद्राक्ष धारण करता है उसको रक्त विकार होने की कम संभावना होती है तथा बीपी आदि रोगों से मुक्ति भी प्राप्त होती है।

## लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल तिहार का आयोजन

**बेमेतरा, 26 जुलाई।** बेमेतरा जिले के लाईवलीहुड कॉलेज, चोरभठ्ठी परिसर में जिला स्तरीय 'कौशल तिहार 2025' का आयोजन बड़े ही भव्य और प्रेरणादायक रूप में किया गया। यह आयोजन जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं लाईवलीहुड कॉलेज बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को मंच प्रदान कर उनके कौशल का सार्वजनिक प्रदर्शन और मान्यता देना है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी रहीं, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से यह कार्यक्रम उत्सव में बदल गया। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल



युवाओं से संवाद किया, उनके प्रशिक्षण, परिश्रम और संकल्प की सराहना की और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण रहा जिनमें अलग अलग विषय में प्रशिक्षित छात्रों ने अपने खुद के बनाए हुए मॉड्यूल पेश किया। महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु संचालित सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में छात्राओं ने अपने बनाए हुए वस्त्र और डिजाइन प्रदर्शित किए। वहीं कंप्यूटर शिक्षा से जुड़े छात्रों ने डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करने वाले इस मॉड्यूल में बेसिक कंप्यूटर ऑपरेशन, ग्राफिक्स डिज़ाइन और डाटा एंट्री जैसे कार्यों का प्रदर्शन किया।

## संपादकीय

# आयातित कारें बेचने आई मस्क

जिस दिन देश में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में कमी आने की रिपोर्ट आई ठीक उसी दिन अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने धूमधाम से भारत में प्रवेश कर लिया। टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला है। खेद की बात यह कि कंपनी भारत में कार बनाने नहीं, बल्कि आयातित कारें बेचने आई है। मस्क ने इससे पहले उच्च आयात शुल्क को कंपनी के भारत में नहीं आने की वजह बताया था। कंपनी चीन स्थित शंघाई विनिर्माण संयंत्र में बने मॉडल 'वाई' को आयात करके भारत में बेचेगी जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपये है। मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाई' कभी दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार थी। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध होगी। दोनों कारें एक बार की चार्जिंग में क्रमशः 500 और 622 किमी. का सफर तय कर सकती हैं। मस्क की कंपनी टेस्ला कुछ समय से बिक्री में गिरावट से जूझ रही है। मस्क लंबे समय से भारत में टेस्ला को लाने की प्लानिंग कर रहे थे। उनकी योजना भारत में टेस्ला का कारखाना लगाने की भी थी। भारत में जिस मॉडल की कीमत लगभग 60 लाख रु पये है, उसी मॉडल की कीमत अमेरिका में 44,990 डॉलर यानी लगभग 39 लाख रु पये है, चीन में 36,700 डॉलर यानी 32 लाख रु पये और जर्मनी में 45,970 डॉलर यानी करीब 39 लाख 50 हजार रुपये है। टेस्ला भारत में जिन कारों को ग्राहकों के लिए लेकर आएगी उन पर करीब 100 फीसद टैरिफ लगेगा। टेस्ला के भारत में आने से हमें बहुत खुश होने की जरूरत नहीं है। जब तक यह भारत में विनिर्माण संयंत्र नहीं लगाती तब तक भारतीयों को अपने बीच के ही चंद अरबपतियों की कारें देख कर खुश होना पड़ेगा। वैसे भी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों के प्रीमियम ग्रुप को ही लक्ष्य बना रही है। ये भारत के कुल ऑटोमोबाइल मार्केट का 4 फीसद है। टेस्ला, इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली घरेलू कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स और महिंद्रा से प्रतिस्पर्धा नहीं करेगी। उसका मुकाबला होगा बीएमडब्ल्यू और मर्सडीज-बेंज से। सरकार कहती है कि देश में लोग तेजी से गरीबी की रेखा से ऊपर आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की राय इसके उलट है। आप भी टेस्ला की कार चलाना चाहते हैं तो अमेरिका से ट्रेड डील या भारत के टैरिफ घटाने का इंतजार करें।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए शासन व प्रशासन के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने मित्रों का पूरा साथ मिलेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस कामों में कुछ गलतियां निकाल सकते हैं।

**वृषभ** आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में भी आपको तालमेल बनाकर चलना होगा। दूरसंचार के साधनों में वृद्धि होगी। अध्यात्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटें। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलता दिख रहा है। आपको संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके बिजनेस के काम को लेकर कोई बेहतर सलाह दे सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोग अच्छा इन्वेस्टमेंट करेंगे, लेकिन आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह अवश्य लेनी होगी। आप अपने पिताजी से किसी बहसबाजी में न पड़े, नहीं तो उन्हें आपके कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखनी होगी। संतान आपसे किसी नए कोर्स को कराने की जिद कर सकती है, जिसमें आप एडमिशन कराएंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। संतान को आप संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। आप अपने किसी पेंडिंग कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपसे लापरवाही के कारण कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं वह किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। आपके आसपास में कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने बिजनेस की योजनाओं में तालमेल बनाकर चलना होगा। आप अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की पूरी कोशिश करें। स्वास्थ्य पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे न हटे। कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको संतान के करियर को लेकर उनके गुरुजनों से बातचीत करनी होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए किसी निवेश संबंधी मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने माता-पिता से किसी बात को लेकर तर्क वितर्क में पड़ने से बचना होगा। आपके कुछ शत्रु प्रबल रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च अधिक करेंगे। आप कहीं घूमने फिरने की योजना बना रहे हैं, तो वहां आपको थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने व चोरी होने का भय सता रहा है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए कला कौशल में सुधार लेकर आएगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपने मनोबल को ऊंचा करके चले, आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपका कोई काम यदि धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके सहयोगियों का पूरा समर्थन मिलेगा, जिससे उन्हें कोई नया पद भी मिल सकता है।

**वृश्चिक** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी। आपको अपने कामों को थोड़ा धैर्य से निपटाने की आवश्यकता है। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। विद्यार्थियों ने किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। नौकरी के तलाश में भटक रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। माताजी को कोई शारीरिक कष्ट हो सकता है, जिसके लिए आपको भाग दौड़ लगी रहेगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपके कुछ नया करने के प्रयास बेहतर रहेंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आपको अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को दूर करना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर अनुशासन बनाए रखना होगा और आपके परिजन आपको कोई सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आपको कुछ ईषालु व झगड़ालू लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। धन धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कुंभ** आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और व्यापार में आपको मन मुताबिक परिणाम मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। नेतृत्व प्रयासों को बल मिलेगा। सहकारिता की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में आपको पूरा ध्यान देना होगा। सभी का सहयोग आप पर बना रहेगा। संतान के करियर में चल रही समस्याओं को दूर करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए पारिवारिक विषयों में मजबूती लेकर आएगा, लेकिन आप अपने बिजनेस को लेकर कोई जोखिम ना उठाएं। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियों में ढील देंगे, तो बाद में आपको इसके लिए पछतावा हो सकता है और आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती हैं। आप मेहनत से बिल्कुल पीछे न हटे। स्वास्थ्य पर भी आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपकी कला कौशल में सुधार आएगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं.

## राजनीति

# क्या धर्मस्थलों में किया गया अधर्म सामने आ पाएगा?

**मनोज कुमार अग्रवाल**



कर्नाटक के धर्मस्थल इलाके में महिलाओं और नाबालिग लड़कियों से बलात्कार, हत्या और उन्हें दफनाने के दावे के बाद हड़कंप मचा हुआ है।कर्नाटक के मंगलुरु के पास स्थित धर्मस्थल मंदिर परिसर में कई साल पहले कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न हुआ और उनकी हत्या करने के बाद शवों को परिसर में दफना दिया गया था.अब मामला विशेष जांच टीम को सौंपा गया.कर्नाटक के मंगलुरु के पास स्थित धर्मस्थल मंदिर परिसर में कई साल पहले कथित तौर पर सैकड़ों महिलाओं के यौन उत्पीड़न, रेप और हत्या के बाद उनके शव को गुपचुप तरीके से दफनाने का है। लेकिन जिस तरह से जांच चल रही है उससे लगता है कि सरकार की दिलचस्पी धर्मस्थला के अधर्म को सामने लाने की नहीं है।

मामले में जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। यह मामला तब सामने आया जब धर्मस्थल में काम कर चुके एक सफाईकर्मी ने दावा किया कि उसे 1998 से 2014 के बीच महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने और उनका अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया गया था।

सफाई कर्मचारी ने दावा किया था कि इन महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के शवों पर हमले के निशान भी थे। धर्मस्थल कर्नाटक का एक बड़ा तीर्थस्थल है, जहां बहुत सारे मंदिर हैं और यहां राज्य से बाहर के भी भक्त आते हैं।

पूर्व सफाई कर्मी ने बताया है कि पीड़िताओं के साथ किस तरह की खौफनाक घटनाएं हुई और इनमें एक स्कूली छात्रा भी शामिल है जिसे स्कूल यूनिफॉर्म में ही दफनाया गया था और एक 20 साल की महिला भी थी जिसका चेहरा तेजाब से जला दिया गया था।पूर्व सफाई कर्मी के दावे के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई, मामले से जुड़े गवाहों को सुरक्षा दी गई और कंकाल के हिस्सों को अदालत में पेश किया गया। सफाई कर्मी के दावे के बाद कर्नाटक में बड़े पैमाने पर लोगों की नाराजगी सामने आई और अब राज्य सरकार ने जांच को आगे बढ़ाया है।मंदिर के प्राधिकरण ने कहा कि वह इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का समर्थन करता है और एसआइटी को इस मामले में सच सामने लाना चाहिए।

इसका दावा है कि इसने 19 सालों में धर्मस्थला के गांव में सैकड़ों लाशों को अपने हाथों से दफनाया या जलाया है. इनमें ज्यादातर लाशें लड़कियों और महिलाओं की थी. इनमें से भी ज्यादातर लड़कियां और महिलाएं वो थी जिनका रेप करने के बाद कत्ल किया गया और फिर खुद इसने धर्मस्थल मंदिर प्रशासन के हुक्म पर उन लाशों को जलाकर या दफना कर ठिकाने लगा दिया

हाल ही में 22 जून को एडवोकेट ओजस्वी गौड़ा और सचिन देशपांडे पूर्व सफाई कर्मचारी से मिले। सफाई कर्मचारी ने दावा किया कि वह धर्मस्थल में कब्रों को पहचान सकता है और वह इस अपराध को लोगों के सामने लाना चाहता है।बेंगलुरु के वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कन्नड़ पुलिस अधीक्षक से मिला और दावों की जांच करने की अपील की।पूर्व सफाई कर्मचारी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी।

धर्मस्थला संस्थान के इस पूर्व सफाई कर्मचारी ने दक्षिण कन्नड़ डिस्ट्रिक्ट के एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र लिखा था. इस कंप्लेन लेटर में कायदे से धर्मस्थला में एक सफाई कर्मचारी के तौर पर गुजारे इसके पूरे 19 सालों की कहानी है. उस शिकायत पत्र या कंप्लेन लेटर के बाद 11 जुलाई यानि शुक्रवार को नकाब में छुपाकर इस सफाई कर्मचारी को बेल्थांगडी कोर्ट में पेश किया गया था.

उसने फोटोग्राफिक सबूत भी दिए और आरोप लगाया कि उसे 16 साल तक महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया।4 जुलाई को धर्मस्थल पुलिस ने सफाई कर्मचारी की शिकायत के आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 211 (ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।11 जुलाई कोपूर्व सफाई कर्मचारी बेल्थांगडी कोर्ट के सामने पेश हुआ और उसने कंकाल के अवशेष अदालत के सामने रखे। उसने दावा किया कि इसने उसे एक कब्रगाह से निकाला है। शिकायतकर्ता के वकील पवन देशपांडे ने मीडिया से कहा कि इस मामले में स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।उधर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर मौतों की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम के गठन की मांग की। आपको बता दें कि बीती 22 जून को एडवोकेट ओजस्वी गौड़ा और सचिन देशपांडे पूर्व सफाई कर्मचारी से मिले। सफाई कर्मचारी ने दावा किया कि वह धर्मस्थल में कब्रों को पहचान सकता है और वह इस अपराध को लोगों के सामने लाना चाहता है।इस के चार दिन बाद बेंगलुरु के वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कन्नड़ पुलिस अधीक्षक से मिला और दावों की जांच करने की अपील की है। तीन जुलाई को पूर्व सफाई कर्मचारी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी। उसने फोटोग्राफिक सबूत भी दिए और आरोप लगाया कि उसे 16 साल तक महिलाओं और नाबालिगों के शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया।अगले दिन धर्मस्थल पुलिस ने सफाई कर्मचारी की शिकायत के आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 211 (ए) के तहत रपट दर्ज की। करीब एक सप्ताह बाद 11 जुलाई को पूर्व सफाई कर्मचारी बेल्थांगडी कोर्ट के सामने पेश हुआ और उसने कंकाल के अवशेष अदालत के सामने रखे।जब ये सफाई कर्मचारी पुलिस के पास अपनी शिकायत पत्र लेकर गया था. तब साथ में उसके हाथ में एक बोरी थी. उस बोरी में एक इंसानी खोपड़ी थी. सफाई कर्मचारी का दावा है कि जिन सैकड़ों लाशों को उसने दफनाया ये उन्हीं में से एक इंसानी खोपड़ी थी. वो सिर्फ पुलिस को यकीन दिलाने के लिए अपने साथ ये सबूत लेकर आया था.

तो इस शिकायतकर्ता या गवाह के मुताबिक 19 साल की नौकरी के बाद जब इसके परिवार की एक लड़की के साथ यही सब कुछ हुआ, तब डर की वजह से 2014 में एक रात ये अपने पूरे परिवार के साथ धर्मस्थला से भाग गया. इसके बाद कर्नाटक के पड़ोसी राज्यों में ये छुप-छुप और डर-डर कर अपनी जिंदगी बिताता रहा. एसएसपी को दिए शिकायतपत्र के मुताबिक, 19 सालों का वो जख्म उसे परेशान करने लगा.

उसे पता था कि वो लोग कभी भी इसे ढूंढ लेंगे और मार डालेंगे. बस इसी के बाद इसने दक्षिण कन्नड़ डिस्ट्रिक्ट एसपी को लेटर लिखा और फिर अपनी मर्जी से 11 जुलाई को कोर्ट पहुंच कर मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया. इतना ही नहीं इसने अपने शिकायतपत्र के आखिर में ये भी लिखा है कि वो इस मामले मे शामिल तमाम लोगों के नाम सबूत के साथ दे सकता है। शिकायतकर्ता के वकील पवन देशपांडे ने मीडिया से कहा कि इस मामले में स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।इस के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर मौतों की जांच के लिए एक विशेष इंवेस्टिगेशन टीम के गठन की मांग की।

उधरपूर्व सफाई कर्मचारी की शिकायत के मुताबिक, उसे धमकी दी जाती थी कि अगर उसने शवों को दफनाने से इनकार किया तो उसे जान से मार दिया जाएगा और काटकर बाकी लोगों की तरह दफना दिया जाएगा बेंगलुरु की एक महिला ने धर्मस्थल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि एमबीबीएस में पढ़ने वाली उसकी बेटी अनन्या भट्ट 2003 में धर्मस्थल जाने के बाद लापता हो गई थी। उसकी मां सुजाता ने इस बार फिर से शिकायत दर्ज कराई। मां का कहना है कि पीड़िताओं में उनकी बेटी भी शामिल हो सकती है।

अब इस गवाह के सामने आने से जैसे ही पूरे मामले के खुलने की उम्मीदें बढ़ने लगी हैं. सुजाता की मां इंसाफ की आस लिए फिर से धर्मस्थला पुलिस के पास फरियाद लेकर पहुंची. इस बार फर्क साफ नजर आया. धर्मस्थला के एसपी ने सुजाता मिसिंग केस में एफआईआर दर्ज कर जांच का भरोसा दिया है. आपको बता दें कि सौजन्या, अनन्या, नारायण और यमुना, वेदावल्ली, पद्मलता, यूडीआर फॉरेस्ट और लॉड्ज डेथ केस. उन सैकड़ों रेप, मर्डर, गुमशुदगी के केसों में से हैं जिनका सच आजतक बाहर नहीं आया. तो क्या अब इस एक गवाह के सामने आने से तमाम गड़े मुर्दे अब बाहर आएंगे? एडवोकेट्स के एक समूह ने अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए गोपनीय बयानों को एक यूट्यूबर को लीक कर दिया गया है और इससे गवाहों की सुरक्षा और जांच को लेकर चिंता खड़ी हो गई है।हाल ही में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार किसी दबाव में नहीं है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच सही ढंग से आगे बढ़ेगी। दक्षिण कन्नड़ के जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि मामले की जांच पारदर्शी तरीके से की जाएगी और किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा। कर्नाटक सरकार ने डीजीपी (आंतरिक सुरक्षा) प्रणब मोहंती की अध्यक्षता में एक विशेष जांच टीम का गठन किया। इस में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एमएन अनुचेथ, सौम्यलता और जेके दयामा को शामिल किया गया। यह टीम धर्मस्थल में हुई सभी संदिग्ध मौतों, गुमशुदगी और यौन उत्पीड़न के मामलों की जांच करेगी क्षेत्र धर्मस्थल ने एक बयान जारी कर जांच टीम के गठन का स्वागत किया और निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जिस धर्मस्थला और उसके आसपास के गांव के बारे में इस सफाई कर्मचारी ने जो सनसनीखेज खुलासा किया है, वो धर्मस्थला मंदिर मैंगलुरु के पास नेत्रावदी नदी के किनारे बसा एक बेहद प्राचीन मंदिर है. इस मंदिर की जो सबसे खास बात है वो ये कि इस मंदिर में पूजा तो हिंदू पंडित करते हैं लेकिन मंदिर का संचालन जैन धर्म के लोगों के पास है. शिकायत में इस नकाबपोश चश्मदीद ने बिना नाम लिए साफ-साफ ये लिखा है कि इस पूरी साजिश में जो लोग शामिल हैं वो सभी धर्मस्थला मंदिर एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े हैं या दूसरे स्टाफ हैं. यही वो लोग हैं जो उसे लगातार धमकी देते हैं. शिकायती पत्र में इसलिए उनके नाम उजागर नहीं कर रहा है क्योंकि इनमें से कुछ लोग ना सिर्फ बेहद प्रभावशाली हैं बल्कि उनका इतिहास रहा है कि जिन लोगों ने भी उनका विरोध किया वो मारे गए.धर्मस्थला का अपना स्कूल और कॉलेज भी है. इसके अलावा मंदिर में मुफ्त खाना भी खिलाते हैं. ये देश के ना सिर्फ प्राचीन मंदिरों में से एक है बल्कि देश के सबसे अमीर मंदिरों में से भी एक है। आजादी के बाद देश का यह सबसे बड़ा और सनसनीखेज मामला है लेकिन राज्य सरकार की धीमी जाल राज्य सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करती है। देखना है सरकार इस बेहद क्रूरता भरे मामले के प्रति कितना संवेदनशील होकर कारवाई करती है?

# श्रम का श्रृंगार, संयम के मोती मनोबल के साथी

**संजीव ठाकुर**

ऋषि मुनियों ने कहा है श्रम से ही जीवन सार्थक होता है श्रम मनोबल संयम और तब जीवन के तत्व गुण हैं और इन्हीं से मनुष्य को मनुष्य होने का गौरव प्राप्त होता है। सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द ख़त्म भी हो सकती है। इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है।

वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए। भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है। एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है।असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है। एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है। तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है। व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं। आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है। अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं। वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा। यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं। ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है,। नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं। यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है। हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है। जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है। उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है। सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें। इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा।।

प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है। यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है। ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है। और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है,। यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जाता। अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है।सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने।

# डस्की स्किन वाली महिलाएं जरूर ट्राई करें ये मेकअप हैक्स



आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल करने से आप आसानी से डस्की स्किन को खूबसूरत बना सकती हैं। हम आपको डस्की स्किन पर मेकअप करने के लिए आप कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। हर महिला खूबसूरत दिखना चाहती हैं, जिसके लिए वह काफी प्रयास भी करती हैं। डस्की स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। अगर आपकी स्किन भी डस्की है, तो आप भी अपने चेहरे को खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए मेकअप करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल करने से आप आसानी से डस्की स्किन को खूबसूरत बना सकती हैं। हम आपको डस्की स्किन पर मेकअप करने के लिए आप कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।

**सही फाउंडेशन**-मेकअप करने से पहले सही फाउंडेशन का चुनाव करना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आप ऑरेंज या ब्राउन टोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह डस्की स्किन के लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है।

**कोरल शेड ब्लश**-डस्की स्किन वाली लड़कियां कोरल शेड ब्लश का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह इस स्किन टोन वाली लड़कियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। वहीं आंखों का मेकअप करने के लिए आप ब्लैक कलर के लाइनर का यूज कर सकती हैं। वहीं आप आईशैडो भी लाइट कलर को चुनें।

**वॉर्म टोन लिपस्टिक**-अगर आप लिपस्टिक के कलर को चुनने में कंफ्यूज हो रही हैं, तो डस्की स्किन वाली लड़कियां वॉर्म टोन वाली लिपस्टिक चुन सकती हैं। यह शेड्स आपके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने में सहायता करते हैं।

**न्यूड शेड कंपैक्ट पाउडर**-मेकअप के समय जब भी आप कंपैक्ट पाउडर का इस्तेमाल करें, तो इसका शेड न्यूड ही रखें। यह कंपैक्ट पाउडर मेकअप को खास बनाने में मदद करेगा। डस्की स्किन वाली लड़कियों के लिए यह मेकअप टिप्स बहुत काम आएंगे।

## सू-दोकू 121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.120 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## दक्षिण बस्तर में झमाझम बारिश

# किसानों के खिले चेहरे, धान की रोपाई में आई तेजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 जुलाई।** दक्षिण बस्तर में बीते पखवाड़े भर से बारिश नहीं हो रही थी खेतों में दरारें पड़नी शुरू हो गई थी। किसान रोपा नहीं लगा पा रहे थे। बारिश नहीं होने से अंचल के किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई थी।

इसी बीच बीते मंगलवार को माटी पुजारियों ने अपने ईष्टदेव भीमाभीमसेन की कुटिया में एकत्र होकर परंपरानुसार उनकी पूजा अर्चना की। मुर्गे की बलि देकर इंद्रदेव से अंचल में अच्छी बारिश की कामना की। जिसके उपरांत ही गुरूवार से दक्षिण बस्तर जिले में रिमझिम बारिश शुरू हो गई है जो अनवरत 3 दिनों से जारी है। अंचल में अच्छी बारिश होने से अब यहां के किसानों के मायूसी भरे चेहरे एक बार फिर से खिल उठे हैं। खेतों में किसान पहुंचकर रोपाई काम में जूट गए हैं। बारिश होने से रोपाई काम में आसानी हुई है। बारिश के चलते शंखनी-डंकनी नदी व बहने वाले नाले भी उफान पर हैं। खेतों में भी पानी लबालब भर गया है जिससे धान की फसल के लिए अच्छी स्थिति बन गई है। किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है क्योंकि इससे पहले किसान अंचल में बारिश न होने के कारण चिंतित थे।



इस बारिश से न केवल किसानों को राहत मिली है बल्कि बारिश होने से बस्तर के जलप्रपात हांदावाड़ा, तिरथगढ़, फूलपाढ़ भी पूरे शबाब पर है। पौराणिक नगरी बारसूर की नैसर्गिक सुंदरता को निहारने भी बहुत से पर्यटक यहां हर साल मानसूनी सीजन में आते हैं। मानसुनी मौसम में बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है।

# बस वाले वसूल रहे मनमाना किराया

**सुकमा, 26 जुलाई।** मनीष ट्रेवल्स मै उसूल आ जा रहा है मनमानी किराया टिकट मै तो ये लिखा जाता है कि यात्री कहा से कहा तक जा रहा है लेकिन ऐसा कुछ नहीं लिखा है अमाउंट जरूर लिखा है और वो भी 70 किलोमीटर दूरी का 122 रुपए और यात्री के पूछने पर की मै सुबह 100 रुपए देकर आया हूं और आप 120 मांग रहे हो तो कंडक्टर ने जवाब दिया पैसा दो वरना बस से उतर जाओ तो यात्री ने टिकट मांगी तो उस टिकट मै सिर्फ अमाउंट डाल दिया क्या 70 किलोमीटर कि दूरी का किराया 122 रुपए हो सकता है बहुत ज्यादा लिया जा रहा है किलोमीटर कि दूरी के हिसाब से किराया फिक्स होना चाहिए और आज तक किसी यात्री को ये तक पता नहीं है कि आखिर कहा से कहा तक का किराया कितना है जो बस वाले मन करता है ले लेते हैं हर बस मै एक चार्ट होना चाहिए कि




यहां से यहां तक का किराया इतना है और ये कम से कम होना चाहिए मनमानी बंद होनी चाहिए।

## एक नजर

### दंतेवाड़ा में 27 को निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन



**दंतेवाड़ा 26 जुलाई।** चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त रोग को लेकर दंतेवाड़ा में निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन होने जा रहा है। यह कैंप रविवार 27 जुलाई को हाई स्कूल रोड़ स्थित बालाजी मेडिकल में आयोजित किया होगा।

चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त से संबंधित सभी प्रकार के ईलाज किए जाएंगे। हेल्थ कैंप के माध्यम से चेहरे का काला दाग एवं झाइयां, पिंपल्स,दाद, खाज, खुजली, मुख संबंधी समस्याएं , बालों का झडना, पकना रूसी एवं गंजापन, नाखुनों का सडना, सोरियासीस-एक्जीमा, बालटोड,स्केबीज़, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के त्वचा संबंधित समस्याएं, ऐलर्जी, एड़ियों का बार-बार फटना, चेहरे के मस्सों व तिल का ईलाज, हाथ और पैर के तलवे से पसीना आना, पलकों का काला दाग एवं पलकों में जमा केलेस्ट्राल , लिंग में घाव होना, लिंग के स्किन का फटना एवं सफेद होना एवं अन्य चर्म रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान मुफ़्त में किया जाएगा । हेल्थ कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। चर्म रोग से जुड़ी हेल्थ कैंप का आयोजन दंतेवाड़ा जिले में पहली बार किया जा रहा है। हेल्थ कैंप में हिस्सा लेने एडवांस बुकिंग करवाया जा सकता है।

### कोचिंग हेतु आवेदन 11 अगस्त तक

**कांकेर 26 जुलाई।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति प्री-मेडिकल एवं प्री-इंजीनियरिंग परीक्षा कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2025-26 में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों से 11 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थी जो कक्षा 12वीं में गणित अथवा जीव विज्ञान विषय के साथ कम से कम 70 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड के साथ स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो। उन्हें निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्री-इंजीनियरिंग एवं प्री-मेडिकल की एक वर्षीय कोचिंग सुविधा प्रदान किये जाने लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### यूपीएससी : सफल अभ्यर्थियों को प्रदाय की जाएगी प्रोत्साहन राशि

**कांकेर 26 जुलाई।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर 01 लाख रूपए प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। आदिवासी विकास विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्रता की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लॉक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में अंतिम तारीख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है। उक्त प्रोत्साहन योजनांतर्गत अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए।

### सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 30 को

**कांकेर 26 जुलाई।** जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 30 जुलाई को आहूत की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने बताया कि पदेन सभापति सामान्य प्रशासन समिति की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त बैठक में निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है।

### सुशासन तिहार का समापन शिविर 31 को तोंगपाल में

**सुकमा, 26 जुलाई।** मुख्यमंत्री सचिवालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अनेक ग्रामों में औचक भ्रमण और निरीक्षण किया गया था, साथ ही राज्य के अनेक समाधान शिविरों में भी वे सम्मिलित हुए थे। मुख्यमंत्री द्वारा भ्रमण किये गये ग्रामों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करने हेतु उक्त ग्रामों में शिविर आयोजित करने हेतु निर्देश जारी किया गया है। सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 30 मई को ग्राम पंचायत तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए था। शासन से प्राप्त निर्देश के परिपालन में दिनांक 31 जुलाई 2025 (दिन - गुरूवार) को ग्राम पंचायत-तोंगपाल, विकासखण्ड-छिन्दगढ़ अंतर्गत समापन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सुकमा जिले को 7.40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य

■ वन विभाग की किसान वृक्ष मित्र योजना

**सुकमा, 26 जुलाई।** वन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत इस वर्ष सुकमा जिले में कुल 7,40,484 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 7,39,484 पौधे क्लोनल नीलगिरी (यूकेलिप्टस) प्रजाति के हैं, जिन्हें किसानों द्वारा अपनी निजी भूमि पर लगाया जाना है। योजना के तहत अब तक लगभग 4.33 लाख क्लोनल नीलगिरी पौधे किसानों द्वारा लगाए जा चुके हैं। विगत कुछ दिनों से जिले में हुई अच्छी वर्षा के चलते रोपण कार्य में तेजी



आई है और कृषकों की भागीदारी में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। किसान वृक्ष मित्र योजना छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग द्वारा संचालित एक प्रमुख एग्रो-फॉरेस्ट्री योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, खेतों की अनुपयोगी भूमि का सदुपयोग करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं वनमंत्री श्री केदार कश्यप के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले क्लोनल नीलगिरी के पौधे निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। विशेष रूप से सुकमा जिले में इन पौधों की आपूर्ति आईटीसी भद्राचलम द्वारा की जा रही है, जो इस क्षेत्र में नीलगिरी की विश्वसनीय क्लोनल किस्में तैयार करता है। इसके अतिरिक्त, गड्ढा खुदाई, पौधरोपण तकनीक, देखरेख तथा अन्य तकनीकी मार्गदर्शन भी वन विभाग द्वारा किसानों को प्रदान किया जा रहा है। क्लोनल नीलगिरी के पौधे शीघ्र वृद्धि करने वाले होते हैं।

## फसल बीमा : रामतिल को नहीं किया सूची में शामिल, किसान नाराज

# मक्का के लिए सबसे अधिक 48 हजार प्रति हेक्टेयर की क्षतिपूर्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 जुलाई।** खरीफ सीजन 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए दक्षिण बस्तर में खेती की जाने वाली 10 प्रकार के फसल को शामिल किया गया है। मक्का के लिए सबसे अधिक 48 हजार प्रति हेक्टेयर क्षतिपूर्ति निर्धारित की गई है। दंतेवाड़ा जिले के चारों विकासखण्ड गीदम, कटेकल्याण, दंतेवाड़ा और कुआकोंडा में लेम्पस सोसायटी और कृषि विभाग के कर्मचारी किसानों को अपने अपने फसलों का बीमा कराने की सलाह दे रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कुल 10 तरह की फसलों को बीमा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

के लिए अधिसूचित किया गया है। इसमें खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान, मक्का के अलावा रागी, कोदो, कुटकी, जैसे मिलेट क्राप शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उडद, मूंग, और तुअर की खेती करने वाले किसानों को भी बीमा की सुविधा मिलेगी। मिलेट क्राप कोदो-कुटकी के लिए क्रमशः 18 और 19 हजार प्रति हेक्टेयर मुआवजा राशि निर्धारित किया गया है। रागी की फसल को किसी तरह की प्राकृतिक आपदा से क्षति होती है तो संबंधित बीमित किसानों को 15 हजार रूपए मुआवजा आंकलन के बाद बीमा कंपनी भुगतान करेगी।

मक्का के लिए सबसे अधिक 960 रूपये प्रीमियम प्रति हेक्टेयर किसानों को देने होंगे, हालांकि मुआवजे की रकम भी इस फसल की सबसे अधिक 48 हजार रूपए प्रति हेक्टेयर मिलेंगे। धान के लिए भी मुआवजा रकम इतना ही है, लेकिन उसके लिए सिंचित रकबे की शर्त है। असिंचित एरिया होने पर किसानों को प्रति हेक्टेयर 840 की प्रीमियम में 42 हजार क्षति पूर्ति का प्रावधान है। उडद और मूंग की फसल बर्बाद होने पर 22 हजार प्रति हे0 दिए जाएंगे। किसान थलेश ठाकुर के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले में ज्यादातर किसान उच्चहन भुमि में रामतिल और हरवां (हार्स ग्राम) की खेती करते हैं। इन फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के दायरे से मुक्त रखा गया है, जबकि सोयाबीन और मूंगफली को कृषि विभाग की विशेष योजना के तहत चुनिंदा किसानों के यहां प्रदर्शन खेती ही की जाती है। बावजुद इसे फसल बीमा की श्रेणी में शामिल किया गया है जिससे किसान थोड़े नाराज भी हैं।

## मर्दापाल में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान

**कोण्डागांव, 26 जुलाई।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में जिले में दिनांक 21 जुलाई से 25 जुलाई तक साइबर क्राईम जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मर्दापाल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध एवं उससे संबंधित खतरों के प्रति सतर्क करना, साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आत्मरक्षा, बाल संरक्षण, गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों जैसे अत्यंत संवेदनशील और आवश्यक विषयों पर जानकारी देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया पर सतर्कता, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, तथा बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण जैसे विषयों पर सरल और प्रभावशाली ढंग से जानकारी दी गई, जहाँ विद्यार्थियों को बताया गया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# सरकारी स्कूल में अनियमितता, 5 शिक्षकों को नोटिस

**सुकमा, 26 जुलाई।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि प्रधान द्वारा सुकमा जिले में संचालित सभी शासकीय विद्यालयों और आश्रम शालाओं का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कई शिक्षकों की लापरवाही उजागर हुई, जिसके संबंध में 5 शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। बालक आश्रम पाकेला में निरीक्षण के दौरान श्री अशोक ठाकुर, सहायक शिक्षक को 23 जुलाई 2025 को विद्यालय परिसर में नशे की हालत में पाया गया। यह कृत्य न केवल छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 23



का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के शैक्षणिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला माना गया है। हाई स्कूल कोर्रा में प्रभारी प्राचार्य श्री बाबूलाल नाग 22 जुलाई 2025 को बिना किसी पूर्व अनुमति के अनुपस्थित पाए गए। संस्था में अवकाश आवेदन भी प्रस्तुत नहीं किया गया था। इससे विद्यालयीन शैक्षणिक गतिविधियाँ बाधित हुईं। शासकीय कन्या आश्रम शाला हिकमीरास में निरीक्षण के दौरान 14 जुलाई 2025 को कुमारी संगीता नाग, सहायक शिक्षक, और श्री आर.के. बिसी, शिक्षक भी बिना किसी सक्षम अनुमति के अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार, श्री दिलीप सिंह ठाकुर, प्रधान पाठक, शासकीय कन्या आश्रम शाला हिकमीरास 10 से 14 जुलाई 2025 तक लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि शैक्षणिक कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उपर्युक्त सभी मामलों में शिक्षकों को 2 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त ज़िम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत वृक्षारोपण

**कांकेर 26 जुलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन महतारी वंदन योजना से लाभान्वित तथा गर्भवती महिलाओं के घरों में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास कार्यालय के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में गत दिवस ग्राम पंचायत नारा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर, गर्भवती महिलाओं, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं के घरों में भी फलदार व अन्य पौधों का रोपण किया गया।

## मक्का के अवैध भण्डरण व उड़द के परिवहन पर हुई कार्यवाही

**कोण्डागांव, 26 जुलाई।** कृषि उपज मंडी समिति कोण्डागांव क्षेत्रान्तर्गत मंडी समिति के अधिकारी सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में निरीक्षण दल द्वारा वाहनों की सघन जांच निरीक्षण दौरान मक्का के अवैध परिवहन पर कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2025 को ग्राम मेघना (नवरंगपुर) निवासी पदम बिंदाड़ी को ग्राम बफना में वाहन क्रमांक ओडी29 डी6133 में 60 बोरा उड़द का बगैर मंडी कागजात व दस्तावेज के परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत् जप्ती अभिग्रहण की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार ग्राम मुड़ाटिकरा (मुलमूला) में बुधराम देवांगन के गोदाम का औचक निरीक्षण के दौरान बगैर मंडी पंजीयन के अवैधानिक तरिके से भण्डारित की गयी 834 बोरा कृषि उपज मक्का अनुमानित वजन 500 क्विंटल का जप्ती प्रकरण तैयार किया गया। उक्त प्रकरणों का मंडी अधिनियम 1972 को धारा 19(4) के तहत शासन द्वारा निर्धारित कुल मूल्य आधारित देय शुल्कों का पांच गुना मंडी फीस, कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क तथा अधिनियम की धारा 53 के तहत प्रशमन समझौता शुल्क ली गई। जप्ती प्रकरण पर मंडी अधिनियमानुसार कार्यवाही करते हुए कुल 92 हजार 738 रूपए की राशि संबंधित व्यपारियों से वसूली गई।

# विवादों के बीच संपन्न हुई बीटीओए की आमसभा

**बचेली, 26 जुलाई।** बैलाडीला की वादियों में वैसे तो मानसून में बारिश ने काफी माहोल को सुन्दर एवं शिथिल कर रखा है पर बी.टी.ओ.ए मतलब बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के आम सभा व वार्षिक चुनाव ने बैलाडीला की माहोल को गर्म कर रखा है। लौह अयस्क परिवहन इस क्षेत्र का अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार का एक बड़ा स्रोत जो है दंतेवाडा जिले में कोई भी चुनाव हो चाहे वो विधानसभा, लोकसभा या नगरी निकायों की चुनाव हो इतनी गहमा गहमी कही भी देखने को नहीं



मिलती है आइये आपको इस चुनाव के पृष्ठभूमि के बारे में कुछ अहम जानकारी उपलब्ध करवाते हैं। यह संस्था पुर्व में बस्तर परिवहन संघ जगदलपुर से अलग अलग होकर एक क्षेत्रीय संस्था बनाई गई हैं जिसे BTOA नाम दिया गया जिसमे पिछले कई वर्ष से वार्षिक चुनाव की प्रथा चल रही है, इससे पहले इस संस्था की संचालन रीढ़ की हड्डी कही जाने वाले वरिष्ठ मनोनीत सदस्यो द्वारा अपने वार्षिक कार्यकाल पूरी की जाती थीं परंतु अब समय के साथ साथ गाड़ियों की संख्या बढ़कर अनुमानित 1600 हो चुकी हैं एवं सदस्यों की संख्या भी बढ़ाकर अनुमानित 1000/ हो चुकी हैं इन्ही सदस्यों द्वारा मतदान कर हर वर्ष संस्था की संचालन के लिए प्रतिनिधि नियुक्त की जाती हैं अब लोग इस कुर्सी व पद की गरिमा को देखते हुए चुनावी माहौल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी अपनी भाग्य अजमाने की होड़ में लगे हुए है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने अधीक्षिका का किया विरोध

# भीगते बारिश में सैकड़ों छात्राएं पहुंची कलेक्टर बंगला, रो-रोकर बताई अपनी समस्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 जुलाई।** चितालंका में स्थित 200 सीटर कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं शनिवार सुबह बारिश में भीगते हुए कलेक्टर बंगले की तरफ जा रही थी उसी दौरान कलेक्टर बंगले के सामने ही छात्राओं को रोक दिया गया। खबर मिलते ही फौरन जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा भी मौके पर आ पहुंची। छात्राओं ने रोते बिलखते तुलिका कर्मा को अपनी आपबीती सुनाई। छात्राओं की बातों को सुनने के बाद तुलिका ने उनकी मांग पुरी करने का आश्वासन दिया जिसके बाद बड़ी मुश्किल से छात्राएं वापस आश्रम लौटने को राजी हुई।



गौरतलब है कि चितालंका का 200 सीटर कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बीते महिने भर से उथल पुथल चल रहा है। यहां की अधीक्षका उमा सिन्हा की प्रताड़ना से तंग आकर इसकी शिकायत छात्राओं से उच्चाधिकारी से किया था। ईधर खबर यह भी है कि अधीक्षिका खुद भी यहां रहना नहीं चाहती थी और वे एक महिना पूर्व ही आश्रम से मुक्त कर किसी अन्य जगह पर पदस्थ करने उच्चाधिकारी को पत्र लिखा था। इसी बीच खबर यह भी है कि छात्राओं की शिकायत पर अधीक्षका उमा सिन्हा को आश्रम से मुक्त भी कर दिया गया उन्हें नन्हें परिंदे में पदस्थ किया गया उनकी जगह सविता सुन्नम को लाया गया। ईधर छात्राएं अधीक्षिका को हटाये जाने के बाद भी नाराज थी उनका कहना था कि हमें कोई और नहीं बल्कि आश्रम में ही कार्यरत सहायक अधीक्षीका श्रीमती पटेल को अधीक्षिका का प्रभार दिया जाए। इसी बीच अचानक आज शनिवार सुबह आश्रम की सैकड़ों छात्राएं भीगते बारिश में कलेक्टर बंगला की ओर जाने लगी। कलेक्टर बंगला के सामने छात्राएं पहुंच गई थी इसी बीच छात्राओं को बाहर ही रोक लिया गया और कुछ शिक्षक वहां मौके पर पहुंचकर छात्राओं को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन छात्राएं कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़ी रही। सूचना जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा को दी गई। जिसके बाद फौरन ही तुलिका कर्मा छात्राओं से मिलने पहुंच गई।

## कन्या आवासीय विद्यालय कोंटा और एर्राबोर में मायद नुनी कार्यक्रम संपन्न




**सुकमा, 26 जुलाई।** कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में मायद नोनी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालय कोंटा एवं पोटाकेबिन आवासीय कन्या विद्यालय एर्राबोर में बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से सॉर्ट मूवी पीपीटी के माध्यम से तथा एक्सरसाइज करा कर बालिकाओं एवं महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, नवीन कानून, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट, महिलाओं से संबंधित अपराध, मानव तस्करी, बालश्रम, बालविवाह, यातायात नियम व सुरक्षा, नशामुक्ति, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्राथमिक उपचार, कैरियर गाइडेंस, कैरियर काउंसलिंग जैसे संवेदनशील विषयों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं के लिये शासन, प्रशासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

एक नजर

### एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत किसान स्वयं कर सकते हैं अपना पंजीयन

**महासमुंद 26 जुलाई ।** एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत किसान अपना पंजीयन स्वयं कर सकते है। पंजीयन करने के लिए स्मार्ट फोन या कम्प्यूटर सेट, आधार नंबर लिंक मोबाईल, आधार कार्ड, भूमि का खसरा बी-1 की आवश्यकता होगी। कंप्यूटर से पंजीयन करने के लिए वेबसाईट ण्बहतिंण्हतपेजंबाण्हवअण्पद पर जाना होगा। मोबाईल से पंजीयन करने के लिए गूगल प्ले स्टोर से फॉर्मर रजिस्ट्री सीजी एप डाऊनलोड करना होगा। उपसंचालक कृषि ने बताया कि साइट या एप पर जाकर पेज में नीचे क्रिएट न्यू यूजर अकाउंट पर जाये, अपना आधार नंबर बॉक्स में भरें, आधार ओटीपी से आधार नंबर वेरीफाई करें, आपकी डिटेल अपने आप आ जायेगी, पेज में सबसे नीचे जाएं, मोबाईल नंबर भरें, ओटीपी से मोबाईल नंबर वेरीफाई करें, अपना स्वयं का पासवर्ड बनाये। अब वापस लॉगिन पेज पर जाकर अपने मोबाईल व पासवर्ड से लॉगिन करें, लॉगिन करने पर आपकी डिटेल पेज पर दिखाई देगी व रजिस्टर पर क्लिक करें, पोर्टल आपसे पूछेगा कि आप मोबाईल नंबर बदलना चाहते है? नहीं कर आगे बढ़े। किसान को अपनी डिटेल हिन्दी में भरना होगा (या गुगल ट्रांसलेट से कर सकते है)। आपके विवरण को अंग्रेजी से मिलाकर प्रतिशत में कितना मिल रहा है, बताएगा ध्यान में रखे जानकारी 80 प्रतिशत से ज्यादा मिले। इसी प्रकार आपका पता, जिला, अनुभाग, आदि भरें, अब रजिस्ट्रेशन जमीन की जानकारी में आगे जाये। जमीन में मालिक या किरायेदार पूछेगा आपको कृषि और लैंड ओवनिंग का दो विकल्प दिखाई देगा दोनों को सेलेक्ट करें। फेच लैंड डिटेल पर क्लिक करें।

### सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह 28 जुलाई से 2 अगस्त तक

**रायपुर, 26 जुलाई ।** नीति आयोग द्वारा चयनित पिछड़े क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय एवं नवाचारी कार्यों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' के अंतर्गत राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 2 अगस्त 2025 को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश के आकांक्षी विकासखण्डों में 28 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में नीति आयोग द्वारा चयनित विकासखंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 अधिकारी एवं 10 फ्रंटलाइन वर्कर्स को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक जिले से 10 प्रतिनिधियों की राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, जिनमें कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व अन्य अधिकारी शामिल होंगे। इसी प्रकार 28 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक आकांक्षी विकासखंडों में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित होंगे, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों तथा अधिकारियों की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। नीति आयोग में अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि में जिले स्तर पर 'आकांक्षा हाट' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्व-सहायता समूहों, एफपीओ, स्थानीय उत्पादकों व कारीगरों को उनके उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का अवसर मिलेगा। श्रेष्ठ उत्पादकों एवं विक्रेताओं को समारोह में सम्मानित भी किया जाएगा।

### धमतरी में 28 जुलाई से शुरू होगा मोबाईल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण

**धमतरी, 26 जुलाई ।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाईल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण आगामी 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मोबाईल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। साथ ही मोबाईल मरम्मत, जीएसएम नेटवर्क, नेटवर्क के प्रकार, दोहरी सिम, हार्डवेयर एवं मोबाईल सामग्री परिचय, 4 जी, 3 जी, जीएसएम में मदर बोर्ड, सुरक्षा के उपायों आदि की भी तकनीकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा उद्यमिता संबंधी जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दी जाएग।आवेदकों को राशनकार्ड, में जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 94082-27557, 88394-68509 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बस्तर में गूंज रही है विकास की आवाज





**रायपुर, 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के वे सुदूरवर्ती गाँव, जो वर्षों तक विकास की मुख्यधारा से कटे रहे, आज नई उम्मीदों और उजालों की ओर अग्रसर हैं। जहाँ कभी बिजली, सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य सेवाएँ और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, वहीं अब वही गाँव प्रगति के रास्ते पर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। इस बदलाव की नींव मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और जन सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप 15 फरवरी 2024 को नियद नेल्लानार - आपका आदर्श ग्राम योजना के रूप में रखी गई। यह योजना उन क्षेत्रों तक शासन की संवेदनशील और सक्रिय पहुँच सुनिश्चित करने का क्रांतिकारी प्रयास है, जहाँ अब तक केवल उपेक्षा और प्रतीक्षा का सन्नाटा था। मुख्यमंत्री श्री साय का स्पष्ट मानना रहा है कि केवल सुरक्षा शिविर स्थापित कर देना पर्याप्त नहीं, जब तक वहाँ शासन की संवेदनशील उपस्थिति और समग्र विकास की किरण नहीं पहुँचे। इसी सोच के साथ बस्तर के पाँच नक्सल प्रभावित जिलों–सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कांकेर–में 54 नए सुरक्षा शिविर स्थापित किए गए। इन शिविरों के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 327 गाँवों को चिन्हित कर यह निर्णय लिया गया कि इन सभी को शत-प्रतिशत योजनाओं से जोड़ते हुए एक नया विकास मॉडल प्रस्तुत किया जाएगा।

इस पहल के साथ ही गाँवों में बदलाव की हवा बहने लगी है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने 31 नए प्राथमिक विद्यालयों को स्वीकृति दी, जिनमें से 13 स्कूलों में कक्षाएँ शुरू हो चुकी हैं। 185 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना को स्वीकृति दी गई, जिनमें से 107 पहले ही प्रारंभ हो चुके हैं, जिससे बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की सुविधा मिलने लगी है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में 20 उप-स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत किए गए, जिनमें से 16 स्वास्थ्य केंद्र प्रारम्भ हो चुके हैं। ये वही गाँव हैं जहाँ पहले एक सामान्य दवा के लिए भी लोगों को मीलों जंगल पार करना पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में संचार और संपर्क साधनों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। पहले जहाँ मोबाइल सिग्नल का नामोनिशान नहीं था, वहाँ अब 119 मोबाइल टावरों की योजना बनी और 43 टावर कार्यशील हो चुके हैं। 144 हाई मास्ट लाइट्स की मंजूरी दी गई, जिनमें से 92 गाँवों में अब रात के अंधेरे में उजियारा फैलने लगा है। सड़क और पुल निर्माण के लिए 173 योजनाएँ बनाई गईं, जिनमें से 116 को स्वीकृति मिल चुकी है और 26 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। यह विकास केवल अधोसंरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भावनात्मक जुड़ाव और पहचान का सशक्त माध्यम बन चुका है। आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक 70,954 लोगों के आधार कार्ड बनाए जा चुके हैं, 46,172 वृद्धजनों को आयु प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं और 11,133 नागरिकों का मतदाता पंजीकरण हुआ है, जिससे वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदार बन पाए हैं। 46,172 लोगों को आयुष्मान कार्ड जारी कर मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है : शर्मा

**रायपुर, 26 जुलाई ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण के प्रति उनकी दूरदृष्टि को साकार करते हुए आज कबीरधाम जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ पूरे जिले में एक साथ किया गया। यह अभियान 25 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 5.47 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।इस महाअभियान का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कवर्धा विकासखंड के ग्राम पँचायत जिंदा और जिला अस्पताल के मैदान में छायादार




पौधा रोपण कर किया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। जिस तरह हम मां की सेवा करते हैं, उसी भावना से एक पौधा लगाकर धरती माता को समर्पित करें। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशभर में हरित क्रांति की दिशा में ठोस कार्य कर रही है, और कबीरधाम जिले की यह सहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक है।स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हर पौधा केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार है। यह अभियान मां के प्रति श्रद्धा और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने अभियान में सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों को सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी।इस अवसर पर राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्री बिसेशर पटेल, सीजीएमएससी के चेयरमैन श्री दीपक म्हस्के, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई।

### आयोग ने उपभोक्ता को दिलाई फर्नीचर डिलवरी की क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार, 26 जुलाई ।** दुकानदार द्वारा फर्नीचर बनाने हेतु राशि लिए जाने के पश्चात फर्नीचर डिलवरी नहीं दिए जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा विक्रेता को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए फर्नीचर की एडवांस राशि 25,000 एवं अन्य व्यय प्रदान किए जाने का आदेश किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका आमाकिरण ऑस्कर ने विक्रेता को एक वुडन दरवाजा टीकवुड डोर नेम प्लेट सहित का आर्डर 50,000 रूपये में तय होने के पश्चात फोन पे के माध्यम से 25,000 हजार रूपये एडवांस के रूप में भुगतान किया परंतु उसके बाद भी विक्रेता ने उक्त दरवाजा की डिलीवरी नहीं दी एवं एडवांस बतौर ली गई राशि आवेदिका को प्रदान नहीं की।

## आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,26 जुलाई ।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे भगवंतीन पति स्व.गोपीराम पटेल, निवासी ग्राम अमलडीहा, तहसील लवन एवं देवकी देवदास पति स्व. दिनेश कुमार, निवासी ग्राम डमरू, तहसील लवन शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के आग में जलने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## वन विभाग ने की युवान वालंटियर कार्यक्रम की शुरुआत

**बलौदाबाजार,26 जुलाई ।** बलौदाबाजार वनमण्डल द्वारा युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत युवान (युवा+वन) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसमें युवाओं को युवान वालंटियर के रूप में तैयार कर वन,वन्यप्राणियों और जैव विविधता के संरक्षण कार्य से जोड़ा जाएगा ।वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि युवान वालंटियर कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को वन, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण में आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को वनों और वन्यजीवों के महत्व से अवगत कराने के साथ ही उन्हें वन्यजीव व पर्यावरण सुरक्षा के लिए आवश्यक

## प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए द्वितीय प्रतीक्षा सूची हेतु काउंसलिंग 28 जुलाई को

**बलौदाबाजार,26 जुलाई ।** सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय प्रतिक्षा सूची के विद्यार्थियों क़ा काउंसलिंग 28 जुलाई 2025 क़ो प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगा। काउंसलिंग में अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 28 जुलाई 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक भाग ले सकते है।काउंसिलिंग में अपने साथ प्रवेश पत्र, जाति-निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

## एक्सिस बैंक के कर्मचारी ने की ग्राहकों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी

**डोंगरगढ़,26 जुलाई।** बैंकों के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने की घटना आए दिन देखने व सुनने को मिलते रहती है। लेकिन बैंक में पदस्थ कर्मचारी द्वारा अपने ही बैंक के उपभोक्ताओं के साथ दगाबाजी कर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने का पहला मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर पीड़ित उपभोक्ता दहशत में आ गए हैं। देखा जाए तो, पीड़ित उपभोक्ताओं की मेहनत से जमा की गई पूंजी पर बैंक कर्मचारी ने उन्हें अपने माया जाल में फंसा कर डाका डाला है।




बैंक प्रबंधक के पास कर्मचारी की शिकायत पहुंचते ही पहले तो बैंक कर्मचारीउमेश गोरले का राजनांदगांव स्थानांतरण किया गया था। किंतु पीड़ित उपभोक्ताओं द्वारा दबाव बनाने पर आरोपी कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया। बैंक की ओर से एफआईआर दर्ज करने कर्मचारी उमेश गोरले की शिकायत थाना डोंगरगढ़ में गई है। एफआईआर की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने की जानकारी थाना प्रभारी उपेंद्र शाह द्वारा दी गई। एफआईआर होते ही पीड़ित सभी उपभोक्ताओं का नाम और आरोपी बैंक कर्मचारियों द्वारा कितनी राशि की धोखाधड़ी की गई उसकी जानकारी सामने आ पायेगी। एक्सिस बैंक की ओर से इन्वेस्टिगेशन अधिकारी राजू ने बताया कि शिकायत की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होते ही संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया जाएगा।एक्सिस बैंक के मैनेजर ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपना ओटीपी नंबर किसी के साथ भी शेयर न करें। उपभोक्ताओं द्वारा ओटीपी नंबर के शेयर करने के कारण ही आरोपी कर्मचारी द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करना संभव हो पाया है।शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों व अनेक ग्रामीणों के साथ की गई करोड़ों की धोखाधड़ीनाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर एक्सिस बैंक के पीड़ित उपभोक्ता ने बताया कि बैंक कर्मचारी के स्थानीय होने एवं वर्षों पुरानी जान पहचान होने के साथ-साथ उसका बैंक कर्मचारी होने के चलते पूरे विश्वास के साथ आरोपी कर्मचारी को बैंकिंग कार्य के लिए ओटीपी नंबर दिया गया था।यह कार्य उस कर्मचारी ने ड्यूटी के दौरान किया है। हमें बैंक पर पूरा विश्वास है कि बैंक हमें हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द करेगी।

## बिना अनुज्ञा कृषि उत्पाद विक्रय पर छापामार कार्रवाई, उर्वरक एवं कीटनाशक जब्त

**महासमुंद, 26 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश पर कृषकों की शिकायत प्राप्त होने पर आज कृषि विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि श्री एफ. आर. कश्यप के मार्गदर्शन में सरायपाली स्थित फर्म ए.एस.आर. ऑनलाइन मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, आकाशवाणी रोड के गोदाम में छापा मारा गया।

उक्त कार्रवाई कृषि उर्वरक/कीटनाशी निरीक्षक श्री बी. एल. मिर्धा द्वारा की गई, जिसमें फर्म द्वारा बिना वैध अनुज्ञा पत्र के कृषि उत्पादों का विक्रय करते पाए जाने की पुष्टि हुई। निरीक्षण के दौरान गोदाम से निम्न सामग्री जप्त की गई। जिसमें मैजिक ड्रॉप 91.5 लीटर, प्लांटों पावर 554 लीटर, रूट बूस्ट अज्ञात मात्रा, नीम गोल्ड यूरिया 3 बैग, बायो काप डीएपी 5 बैग, एक्टिव प्लस 3 नग शामिल है। जप्तशुदा सामग्री को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं कीटनाशी अधिनियम 1968 तथा नियम 1971 के प्रावधानों के तहत सुरक्षित रखा गया है एवं नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा कृषकों के हित में ऐसी अनियमित गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिना अनुज्ञा कृषि इनपुट का क्रय-विक्रय कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### सरगुजा के तीन खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ नेटबॉल टीम में चयन

**रायपुर, 26 जुलाई।** गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में 28 जुलाई 2025 तक आयोजित होने जा रही 14वीं सेंट्रल जोन राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य टीम में हुआ है। राष्ट्रीय कोच श्री राजेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सरगुजा से बालक वर्ग में आयुष्मान यादव तथा बालिका वर्ग में माही मंसूरी और शबनम नाज़ का चयन छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। उल्लेखनीय है कि माही और शबनम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बिकापुर की छात्राएं हैं।

## निजी विद्यालयों में बच्चों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो :कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 26 जुलाई ।** शासन के निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालय संचालन के सम्बन्ध में बुधवार क़ो जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में निजी स्कूल संचालकों एवं प्रचार्यों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए स्कूलों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे सहित जिले के निजी स्कूल संचालक, प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि निजी स्कूलों क़ो बच्चों की शिक्षा के साथ सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लेनी होगी। प्राचार्य अपने स्कूल के शिक्षकों व कर्मचारियों के कार्यशैली पर नजर रखें। व्यवहार या कार्य पर किसी प्रकार की शंका हो तो उच्च अधिकारी क़ो अवगत कराएं। सभी निजी विद्यालयों में सुझाव पेटी उपयुक्त स्थान पर रखें तथा प्राप्त सुझाव या शिकायतों का उचित निराकरण भी करें। उन्होंने स्कूल में शीघ्र शिक्षक-पालक मीटिंग का आयोजन कर पालको के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने एवं पालकों के साथ स्कूल का निरीक्षण करने कहा।कलेक्टर ने शासन के नियमानुसार स्कूलों का संचालन तथा बच्चों की संख्या के अनुपात में प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल के लिए निर्धारित मापदंड के अनुसार अहर्ताधारी शिक्षको क़ो नियुक्त करने कहा।

इसीतरह आरटीई के तहत एडमिशन एवं बच्चों क़ो गणवेश व पुस्तक वितरण समय पर करने कहा। उन्होंने कहा कि फीस में बढ़ोतरी विद्यालय समिति के अनुमोदन से करें तथा किसी दुकान विशेष से ही कॉपी- पुस्तक व ड्रेस खरीदने की बाध्यता न हो। आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों के अभिभावकों क़ो पेरेंट्स मीटिंग में जरूर बुलाएं और स्कूल की गतिविधियों, बच्चे की पढ़ाई की जानकारी दें। उन्होने बच्चों के स्कूल बैग की वजन के सम्बन्ध में आरटीई के तहत निर्धारित कक्षावार वजन का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा जिसमें कक्षा पहली से दूसरी तक बैग का वजन 2 किलोग्राम, तीसरी से चौथी तक 3 किलोग्राम तथा कक्षा 5 वीं से 8 वी तक 5 किलोग्राम वजन हो।कलेक्टर ने बच्चों के स्कूल आने -जाने के लिए रखे गए स्कूल वैन एवं स्कूल बसों के लिए निर्धारित सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने तथा समय -समय पर वाहनो की फिटनेस जांच कराने कहा। उन्होंने वाहन चालकों तथा हेल्परों पर निगरानी रखने के साथ ही उनके स्थायी व वर्तमान निवास का पता व मोबाइल नंबर सबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी क़ो उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मोटर सायकिल चलाते हुए स्कूल आने वाले बच्चों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होने तथा हेलमेट क़ो अनिवार्य करने कहा।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय धौरपुर में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**अम्बिकापुर, 26 जुलाई ।** जिले के लुण्ड्रा विकासखंड में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय धौरपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लुंड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य श्री अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता श्री प्रणव कुमार सिंह, श्री सतीश खाखा, श्री मुरली चौहान, श्रीमती सुमन प्रधान, श्रीमती दीपमाला गुप्ता, मो. जावेद अहमद, श्री अजय निलेश कुजुर, श्रीमती रुपम सिंह, श्रीमती नम्रता पटेल एवं श्रीमती सलमा फरहीन द्वारा विधायक का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं। माननीय विधायक श्री मिंज द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई एवं निशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश व अन्य सामग्री का वितरण किया गया।इस अवसर पर कक्षा 10वीं की छात्रा कु. परी सोनी, जिसने बोर्ड परीक्षा में 97त्न अंक अर्जित कर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, को विधायक महोदय द्वारा पूर्व घोषणा के अनुसार 25,000 रुपए की नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के विकास हेतु प्राचार्य एवं विद्यार्थियों द्वारा विधायक महोदय के समक्ष प्रमुख मांगें रखी गई जिसमें प्रार्थना स्थल पर शेड निर्माण, सायकल स्टैंड, मैदान का समतलीकरण,ओपन जिम की स्थापना विधायक श्री मिंज ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया।इसके पश्चात ÷एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत विद्यालय परिसर में विधायक श्री मिंज एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती आभा सिंह, धौरपुर सरपंच श्री वकील कुजुर, श्री संजय गुप्ता, वैभव सिंह देव, श्री ब्रह्म देव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि श्री जयंत मिंज, श्री अभिषेक पावले, उप सरपंच अभिभावक प्रतिनिधि श्री सुरेन्द्र बारीक, श्री इन्द्रदेव गुप्ता, श्रीमती आभा सिंह सहित गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि भगत ने खोली सुशासन की पोल

# डीएमएफ फंड की बंदरबांट और कॉरपोरेट लूट से भाजपाई भी आहत

**रायपुर,26 जुलाई ।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के सोशल मीडिया पर गाना गाकर अपनी ही सरकार से विकास मांगने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि रीढ़ विहीन भाजपाइयों के लिए रवि ने प्रतिमान स्थापित किया है, सुशासन के तमाम दावों की पोल खुल चुकी है। गाने में एक छत्तीसगढ़िया और आम आदिवासी युवा की पीड़ा स्पष्ट तौर पर प्रदर्शित है। पूरे प्रदेश में डीएमएफ फंड की बंदरबाट हो रही है, खनन और उद्योग प्रभावित क्षेत्र के लोगों का हक मार कर कमीशन खोरी के लालच में डीएमएफ और सीएसआर फंड की राशि फूंकी जा रही है। पांचवी अनुसूची के क्षेत्र सरगुजा और बस्तर में ग्राम सभा के अधिकारों को बाईपास



करके खनिज संसाधन मोदी के पूंजीपति मित्रों को लुटाया जा रहा है, रिमोट से सरकार संचालित है, सरकार आखिर चला कौन रहा है, इस बात से भाजपा के नेता भी अनभिज्ञ है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तक की हालत यह है की शिकायत और मांग कहां रखनी है, वे समझ नहीं पा रहे हैं, कहीं किसी की कोई सुनवाई नहीं है, इसलिए कॉरपोरेट लूट से आहत भाजपाई सोशल मीडिया पर आकर कलपने मजबूर हैं।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि बृजमोहन अग्रवाल जैसे भाजपा के वरिष्ठ नेता को पिछले 6 महीने के दौरान 7 पत्र प्रदेश सरकार को लिखना पड़ा, लेकिन किसी मामले में अब तक उनकी भी कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा के जनाधार वाले नेता ही इस सरकार की उपेक्षा से व्यथित हैं। मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ में भाजपा ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है। किसान, युवा, मजदूर, कर्मचारी-अधिकारी और महिलाएं नाराज हैं ही, इसके साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता भी खुश नहीं है। पहले भी भाजयुमों के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए लिखा था कि क्या लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा की जनता खराब सड़कों के कारण रोड एक्सीडेंट से बे मौत मरे? क्या यही चाहती है कि प्रदेश की जनता धूल खायें? जमीन देकर बेघर हो जाए? डीएमएफ और सीएसआर के नियम चूल्हे में जाए? इन मदों का सारा पैसा ओपी केवल रायगढ़ में खर्च करें?प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने भी कहा है कि भाजपा सरकार में न उनके कार्यकर्ता और नेता ना खुश हैं, ना छत्तीसगढ़ में सरकार नाम की कोई चीज काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित तमाम जनहित के विषय गौड हो गए है, सरकारी स्कूल हजारों की संख्या में बंद कर दिए गये है, तमाम कर्मचारी संघ आंदोलन पर है, सड़कों के गड्ढे भरने की स्थिति में यह सरकार नहीं है, किसान खाद, बीज संकट से परेशान है और यह सरकार केवल छत्तीसगढ़ के संसाधनों को लूटने जंगलों की कटाई करने में व्यस्त है। डेढ़ साल के भीतर ही यह सरकार अपने ही कार्यकर्ताओं के बीच बेहद अलोकप्रिय हो चुकी है।

### सक्ती जिले में सामूहिक पौधरोपण महाअभियान का हुआ आयोजन

**सक्ती, 26 जुलाई ।** सक्ती जिले में सामूहिक पौधरोपण महाअभियान का हुआ आयोजनसक्ती जिले में सामूहिक पौधरोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वाशु जैन, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने सामूहिक पौधरोपण महाअभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया ।

## कलेक्टर ने साराडीह बैराज, कलमा बैराज सहित विभिन्न जलभराव क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण

**सक्ती ,26 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने तहसील डभरा अंतर्गत साराडीह बैराज, कलमा बैराज और विभिन्न जलभराव क्षेत्रों में जल भराव के वर्तमान स्थिति का औचक निरीक्षण करते हुवे संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साराडीह बैराज और कलमा बैराज के खोले गए गेटों की संख्या, वाटर लेवल और उक्त बैराज से जल प्राप्त करने वाले उद्योगों की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए अलर्ट होकर कार्य करने तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर बैराज के समस्त गेट खोले जाने के निर्देश दिए।

# इंग्लैंड मैनचेस्टर टेस्ट में 186 रन आगे

## भारत के खिलाफ स्कोर 544/7, रूट की सेंचुरी, पोप ने बनाया अर्धशतक, स्टोक्स 77 रन पर नाबाद



**मैनचेस्टर, 26 जुलाई (एजेंसी)।** मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड मजबूत स्थिति में पहुंच गया हैं। टीम ने शुक्रवार को स्टंप्स तक 544/7 का स्कोर बना लिया है। पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड की बढ़त 186 रन की हो गई हैं। चौथे दिन का खेल दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम जो रूट ने शतक लगाया। उन्होंने ओली पोप और बेन स्टोक्स के साथ शतकीय साझेदारी की। पोप और कप्तान स्टोक्स ने भी अर्धशतक लगाए। स्टोक्स 77 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनके साथ लियाम डॉसन 21 रन पर खेल रहे हैं। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट लिए।

**रूट का शतक, पोप-स्टोक्स की हाफसेंचुरी:** इंग्लैंड ने अपने कल के स्कोर 225/2 से आगे खेलना शुरू किया। ओली पोप और जो रूट ने मिलकर शानदार बल्लेबाजी की और पहले सेशन में भारत को विकेट नहीं दिया। जब वाशिंगटन सुंदर ने ओली पोप को 71 रन पर कैच आउट कराया, तब तक रूट के साथ मिलकर पोप ने 144 रन जोड़ लिए थे। पोप के आउट होने के बाद जो रूट ने चौका लगाकर अपने करियर का 38वां शतक लगा दिया। उन्होंने 150 रन की पारी खेली। उनके साथ कप्तान बेन स्टोक्स ने मिलकर शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 142 रन जोड़े। बेन स्टोक्स 66 रन के स्कोर पर क्रैम्प के चलते रिटायर हर्ट हो गए।

**भारत 358 रन पर ऑलआउट:** मुकाबले के दूसरे दिन भारत ने 264/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 94 रन बनाने में आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। ऋषभ पंत चोटिल होने के बावजूद बैटिंग करने उतरे। उन्होंने 54 रन बनाए। उनके अलावा शार्दूल ठाकुर ने 41, वॉशिंगटन सुंदर ने 27 और रवींद्र जडेजा ने 20 रन बनाकर भारत का स्कोर 358 तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए कप्तान बेन स्टोक्स ने 5 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर को 3 विकेट मिले। उन्होंने मुकाबले के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत को पवेलियन भेजा। क्रिस वोक्स और लियम डॉसन ने 1-1 विकेट लिया। दूसरे दिन के दूसरे सेशन में इंग्लैंड ने अपनी पारी शुरू कर दी। ओपनर्स बेन डकेट और जैक क्रॉली ने 77 रन बनाए और दूसरा सेशन खत्म हो गया। तीसरे सेशन में दोनों ने अपनी-अपनी फिफ्टी लगाई। क्रॉली 84 रन बनाकर आउट हुए और उनकी डकेट के साथ 166 रन की पार्टनरशिप टूटी।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में 3-0 की बढ़त बनाई



**बासेटेरे, 26 जुलाई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। बासेटेरे में खेले गए पांच मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज टिम डेविड ने 37 गेंदों में नाबाद 102 रन की पारी खेली। डेविड ने अपना शतक 37 गेंदों में पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे तेज टी-20 शतक का रिकॉर्ड है।

टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिच मार्श ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज शाई होप और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी, पहले विकेट के लिए 125 रनों की साझेदारी की। होप ने 57 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए और टी-20 में अपनी पहली सेंचुरी पूरी की। वह क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के लिए सभी फॉर्मेट में शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। ब्रैंडन किंग ने 36 गेंदों में 62 रन जोड़े। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 214 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से शॉन एबॉट ने 4 ओवर में 21 रन देकर किफायती गेंदबाजी की, जबकि नाथन एलिस ने डेथ ओवरों में 4 ओवर में 37 रन देकर 1 विकेट लिया। लेग स्पिनर एडम जंपा (4 ओवर में 51 रन, 1 विकेट) और बेन ड्वारशुइस (4 ओवर में 46 रन) महंगे साबित हुए। ग्लेन मैक्सवेल ने भी पावरप्ले में 2 ओवर में 31 रन दिए।

215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन पावरप्ले में मिच मार्श (22), ग्लेन मैक्सवेल (20) और जोश इंग्लिस (15) के विकेट गिरने से स्कोर 6 ओवर में 65/3 हो गया। वेस्टइंडीज उस समय 6 ओवर में 66/0 पर थी, जिससे मेजबान टीम का पलड़ा भारी लग रहा था। कैमरन ग्रीन (14 गेंदों में 11) के आउट होने के बाद स्कोर 87/4 था। यहां से टिम डेविड और मिच ओवेन ने मोर्चा संभाला। डेविड ने गुडाकेश मोती के एक ओवर में चार छक्के जड़कर माहौल बदल दिया। दोनों ने शतकीय साझेदारी कर 16वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। डेविड की 37 गेंदों में नाबाद 102 और ओवेन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवर में 4 विकेट पर 215 रन बनाकर जीत हासिल की।

### भारत-पाकिस्तान मैच सितंबर में हो सकता है, एक ही ग्रुप में होने की संभावना

**ढाका, 26 जुलाई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबला फिर देखने को मिल सकता है। ये मैच एशिया कप 2025 में खेले जाएंगे। एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को सौंपी है। टूर्नामेंट सितंबर में,श्च में खेला जाएगा।

यह फैसला गुरुवार को ढाका में आयोजित ACC की बैठक में लिया गया, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। BCCI की ओर से उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअली जुड़े। BCCI के एक अफसर ने बताया कि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत और PAK ने आपसी सहमति से 2027 तक सभी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने का फैसला किया है। ब्रॉडकास्टर्स व स्पॉन्सर्स की मांग को देखते हुए भारत-पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जा सकता है। इससे 3 मैच होने की संभावना है।

# लियोनेल मेसी-आल्बा पर एक मैच का बैन

## एमएलएस ऑल-स्टार गेम में न खेलने के कारण एक्शन, इंटर मियामी का आज सिनसिनाटी से मुकाबला



**मियामी, 26 जुलाई (एजेंसी)।** इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (MLS) ने एक-एक मैच के लिए बैन कर दिया है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के MLS ऑल-स्टार गेम में भाग नहीं लेने के कारण लिया गया। इसके चलते, दोनों खिलाड़ी इंटर मियामी के अगले लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने इस फैसले को कठोर और अनुचित बताया है। MLS ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो बिना पूर्व स्वीकृति के ऑल-स्टार गेम में भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य माना जाता है।

मेसी और आल्बा को प्रशंसकों ने ऑल-स्टार गेम के लिए चुना था, जिसमें एमएलएस की टीम का मुकाबला मेक्सिको की लीगा एमएक्स की टीम से था। मेसी ने व्यस्त कार्यक्रम के कारण आराम करने का फैसला किया, जबकि आल्बा पुरानी चोट से जूझ रहे थे। इस वजह से इंटर मियामी ने दोनों खिलाड़ियों को इस मैच में नहीं उतारने का निर्णय लिया। इस गेम में एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत हासिल की। पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था।

MLS आयुक्त डॉन गार्बर ने कहा, लियोनेल मेसी को इस लीग से गहरा लगाव है। उन्होंने मेजर लीग सॉकर के लिए जितना योगदान दिया है, उतना शायद ही किसी ने किया हो। मैं उनकी इंटर मियामी के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान करता हूं। हालांकि, ऑल-स्टार गेम में भागीदारी का हमारा लंबे समय से चला आ रहा नियम है, जिसे लागू करना आवश्यक था। यह एक कठिन फैसला था। उन्होंने आगे कहा कि लीग इस नियम की समीक्षा करेगी और खिलाड़ियों के साथ मिलकर भविष्य में इसे बेहतर करने पर विचार करेगी।

**इंटर मियामी के मालिक की नाराजगी:** इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने इस निलंबन और नियम पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऑल-स्टार गेम के मात्र 48 घंटे बाद शुक्रवार रात को छह एमएलएस मैच खेले गए, जो खिलाड़ियों के लिए उचित नहीं है। मास ने इसे खिलाड़ियों के साथ अनुचित व्यवहार बताया।

**इंटर मियामी की स्थिति :** इंटर मियामी वर्तमान में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस तालिका में पांचवें स्थान पर है और शनिवार रात फोर्ट लॉडरडेल के चेस स्टेडियम में शीर्ष पर काबिज एफसी सिनसिनाटी की मेजबानी करेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

ई-कोर्ट क्रमांक
/202507200900025
अ-2/2024-25
ग्राम- माकड़ी, प.ह.न.14

## ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री रामजी मण्डावी पिता राजूराम मण्डावी, जाति गोंड एवं अन्य, निवासी ग्राम बड़बत्तर, तहसील बड़ेराजपुर, जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम माकड़ी, तहसील माकड़ी में स्थित शामिल खाते की भूमि खसरा नंबर 167/7 रकबा 0.2140 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि में से रकबा 0.121 हेक्टेयर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा बी-1 अधिकार अभिलेख, मिशल की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 07/08/2025 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोण्डागांव (छ.ग.)**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग, धमतरी (छ.ग.)

Email ID-ee.dhamtari@nic.in

**क्रमांक 4942/NIT-14/2025-26/व.ले.लि.** **दिनांक 25/07/2025**

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**
**प्रथम आमंत्रण**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 21/08/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में)/बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|
| 14 T0052 | विश्रामगृह कुरूद के बाये तरफ लैंड स्केपिंग एवं गार्डनिंग कार्य 2025-26. **प्रथम आमंत्रण** | 10.00<br>7500.00<br>300000.00 |
| 14 T0053 | विश्रामगृह कुरूद के सामने लैंड स्केपिंग एवं गार्डनिंग कार्य 2025-26. **प्रथम आमंत्रण** | 10.00<br>7500.00<br>300000.00 |

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00।
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है।
3. एनआईटी क्र. T0052, T0053 समयावधि दिनांक 31/12/2025।
4. टीप EMD के साथ क्लास C D हेतु अनेक्जर 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग**
**धमतरी (छ.ग.)**

जी-252602392/4

## व्यापार

### एनएसडीएल का आईपीओ : इंस्टीट्यूशनल शेयर होल्डर्स को मिलेगा 39,900% रिटर्न

# एसबीआई ने 2 रुपए में लिया था शेयर अब इसकी वैल्यू 800, 30 जुलाई को ओपन हो रहा ऑफर

**मुंबई, 26 जुलाई (एजेंसी)।** भारत की सबसे बड़े डिपॉजिटरी NSDL का अपकमिंग IPO इसके शेयरहोल्डर्स के लिए पैसा बनाने का मशीन साबित होने वाला है। कंपनी के इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर जैसे- SBI, IDBI बैंक, हस्श्च, HDFC बैंक और अन्य को उनके ओरिजिनल इन्वेस्टमेंट पर 39,900त्न तक का रिटर्न मिलने वाला है। निवेशकों ने NSDL का शेयर 2 रुपए में खरीदा था जो अब 800 रुपए का हो गया है। NSDL ने अपने IPO के लिए 760 से 800 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। अनलिस्टेड मार्केट में इसके शेयर अभी 1,025 रुपए पर ट्रेड कर रहे हैं।

**30 जुलाई को ओपन होगा आईपीओ :** NSDL का आईपीओ 30 जुलाई 2025 को खुलेगा और 1 अगस्त 2025 को बंद होगा। एंकर इनवेस्टर्स के लिए IPO की बिडिंग एक दिन पहले यानी, 29 जुलाई को शुरू होगी।

**मिनिमम लॉट:** 18 शेयर, जिसके लिए 14,400 रुपए (800 रुपए × 18) चाहिए।

**रिटेल इनवेस्टर्स:** ज्यादा से ज्यादा 13 लॉट (234 शेयर) के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**कर्मचारियों के लिए:** 85,000 शेयर रिजर्व, जिन्हें 76 रुपए प्रति शेयर की छूट मिलेगी।

**अनलिस्टेड मार्केट की तुलना में शेयर की कीमत 22% कम:** NSDL ने शेयर प्राइस 760-800 रुपए रखी है, जो अनलिस्टेड मार्केट में चल रही 1,025 की कीमत से 22% कम है। अनलिस्टेड मार्केट में इसके शेयर पहले 1,275 के पीक पर थे। ऐसा पहले भी देखा गया है। टाटा टेक्नोलॉजी, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज और पीबी फिनटेक जैसी कंपनियों ने भी अपने IPO की कीमत अनलिस्टेड मार्केट से कम रखी थी। इसका फायदा ये होता है कि लिस्टिंग के वक्त शेयर में अच्छा उछाल देखने को मिल सकता है।

**कंपनी की फाइनेंशियल हेल्थ कैसी है**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 (FY25) में कंपनी का:** नेट प्रॉफिट: 343.12 करोड़ रुपए, जो पिछले साल के 275.45 करोड़ से 24.57%ज्यादा है।

**रेवेन्यू:** 1,535.19 करोड़ रुपए, जो FY24 के 1,365.71 करोड़ से 12.41% ज्यादा है।

**मार्केट कैप:** 800 रुपए की ऊपरी कीमत पर मार्केट कैप करीब 16,000 करोड़ रुपए होगा।

कंपनी का प्राइस-टू-अर्निंग्स (P/E) रेशियो 46.62 है, जो इसके कॉम्पटीटर सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (CDSL) के 66.63 P/E से कम है।

**क्या आईपीओ में निवेश करना चाहिए:** NSDL का आईपीओ उन निवेशकों के लिए अच्छा मौका हो सकता है, जो लंबे समय के लिए निवेश करना चाहते हैं। कंपनी का बिजनेस मॉडल मजबूत है, क्योंकि ये भारत के बढ़ते शेयर बाजार का अहम हिस्सा है। साथ ही इसका वैल्यूएशन CDSL के मुकाबले सस्ता है।

अनलिस्टेड मार्केट में भी अच्छा प्रीमियम दिख रहा है। लेकिन, निवेश से पहले अपने फाइनेंशियल एडवाइजर से सलाह जरूर लें और मार्केट की स्थिति पर नजर रखें।




### क्या है एनएसडीएल और इसका काम

एनएसडीएल एक डिपॉजिटरी इंस्टीट्यूशन है। यानी ये आपके डीमैट अकाउंट में शेयर, बॉन्ड्स और दूसरी सिक्योरिटीज को डिजिटल फॉर्म में रखने का काम करता है। जैसे बैंक में आपका पैसा सुरक्षित रखता है वैसे ही NSDL शेयरों को डीमैट अकाउंट में सुरक्षित रखता है। 1996 में बनी ये कंपनी आज देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी है।

### निवेश से पहले 2 बातों का ध्यान रखें

**मार्केट की अस्थिरता:** प्राइमरी मार्केट में उतार-चढ़ाव है, लिस्टिंग प्रभावित हो सकती है।

**ग्रे मार्केट का रिस्क:** GMP पर पूरी तरह भरोसा न करें, क्योंकि ये अनऑफिशियल होता है।

### कैसे अप्लाई करें

आप एनएसडीएल आईपीओ में ऑनलाइन UPI या ASBA के जरिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए जेरोधा, अपस्टॉक्स, एचडीएफसी बैंक या एसबीआई बैंक जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करें।

आईपीओ का अलॉटमेंट 4 अगस्त 2025 को फाइनल होगा और शेयर 6 अगस्त 2025 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

# पीएनबी खाताधारक 8 अगस्त तक केवायसी करा लें

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसी)।** अगर आपका अकाउंट पंजाब नेशनल बैंक में है तो जल्द चङ्खष्ट करा लें। ऐसा नहीं कराने पर आपको खाते से ट्रांजेक्शन (लेन-देन) करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बैंक ने अकाउंट होल्डर्स को 8 अगस्त तक अपना KYC कराने को कहा है।

पंजाब नेशनल बैंक के अनुसार ऐसे अकाउंट होल्डर्स जिन्होंने 30 जून तक अपनी KYC अपडेट नहीं कराई है, उन्हें KYC अपडेट कराना है। बैंक ऐसे कस्टमर्स के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर SMS के जरिए सूचना दे रहा है। इसे अलावा बैंक ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ङ्ग पर भी इसकी जानकारी दी है।

**ऐसे करें चेक- KYC हुई है या नहीं? :** आपके अकाउंट की चङ्खष्ट हुई है या नहीं, इसकी जानकारी के लिए आपको कस्टमर केयर पर कॉल करना होगा। ग्राहक कस्टमर केयर नंबर 1800 1800 या 1800 2021 पर कॉल करके अधिक जानकारी ले सकते हैं। ये दोनों ही नंबर टोल फ्री हैं।

**आसान है KYC अपडेट कराना:** आप बैंक के ब्रांच में जाकर अपना KYC अपडेट करा सकते हैं। बैंक में आपको चङ्खष्ट के फॉर्म मिलेंगे, उसे भरकर और साथ में जरूरी डॉक्यूमेंट को अटैच कर जमा कर दीजिए। फॉर्म जमा करने के बाद आपका KYC अपडेट हो जाता है।

**घर बैठे करें KYC अपडेट:** आप PNB-वन के जरिए भी KYC अपडेट करा सकते हैं। बैंक ने कहा है KYC के लिए ग्राहक जरूरी पहचान पत्र के रूप में एड्रेस प्रूफ, लेटेस्ट फोटो, पैन कार्ड, इनकम सर्टिफिकेट, मोबाइल नंबर, आदि जरूरत होगी।

**क्या है KYC :** KYC का मतलब होता है नो योर कस्टमर यानी अपने ग्राहक को जानिये। KYC भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित एक पहचान प्रक्रिया है जिसकी मदद से बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं अपने ग्राहक के बारे में अच्छे से जान पाती हैं। बैंक और वित्तीय कंपनियां इसके लिए फॉर्म को भरवा कर इसके साथ कुछ पहचान के प्रमाण भी लेती हैं।

## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- जुलाई 2025

**पृ. क्र. 867/रा.वि./मु.न.अ./2025** **भाटापारा, दिनांक-25/07/2025**

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमति राजकुमारी थारानी पति श्री लक्ष्मण दास धारानी निवासी मुंशीईस्माइल वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्री उमाप्रसाद राठौर पिता श्री टोपलाल राठौर निवासी मेहता नगर भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रं. 29 | प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 139/1, रकबा 0.0090 हे. | बैनामा |
| 2. | 1. श्री रत्नाकर मिश्रा 2. श्री अम्बर मिश्रा पिता श्री नलनीकांत मिश्रा निवासी सदर वार्ड भाटापारा, तह. भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्री योगेश पाल पिता श्री राजेंद्र पाल निवासी शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. | गुरूनानक वार्ड क्र. 20 | प.ह.नं. 10 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 129/3, रकबा 0.1110 हे. | बैनामा |
| 3. | 1. श्री संदीप गोयल पिता श्री गोपाल प्रसाद गोयल 2. श्री जयकिशन शर्मा पिता स्वः श्री रामदयाल शर्मा निवासी नेहरू/सुभाष वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग | श्री ओमप्रकाश साहू पिता श्री परदेशी राम साहू निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा तह.भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड क्र. 9 | प.ह.नं. 11/40 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 15002/21 रकबा 0.0020 हे. | बैनामा |
| 4 | 1. श्री राधेश्याम आर्य पिता स्वः श्री गोविंदराम आर्य 2. श्री अशोक किंगरानी पिता श्री सुदामचंद किंगरानी 3. श्री राजेश थारानी पिता स्वः श्री खेमचंद थारानी निवासी संतकंवरराम वार्ड भाटापारा तह भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति महेशिया पति श्री झड़ीराम विश्वकर्मा निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा तह भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | सुभाष वार्ड क्र. 4 | प.ह.नं. 40 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 855/126 रकबा 0.0116 हे. | बैनामा |
| 5 | 1. श्री मालूराम शर्मा पिता श्री जुथाराम शर्मा 2. श्री ओमप्रकाश शर्मा पिता जुथाराम शर्मा 3. श्री मुरारी लाल शर्मा पिता जुथाराम शर्मा 4. श्रीमति अनुराधा शर्मा पिता जुथाराम शर्मा निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. | श्री मुरारी लाल शर्मा पिता श्री जुथाराम शर्मा निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | संजय वार्ड क्र. 13 | प.ह.नं. 10 रा.नि.म. भाटापारा, शी.क्र. 05. भूखण्ड क.92 रकबा 7115.00 व.मी. | बैनामा |
| 6. | श्री आशीष सोलंकी पिता श्री जवाहर लाल सोलंकी निवासी सिविल लाइन पंजाब मील गली गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति भारती श्रीमाली पिता श्री रमेश कुमार श्रीमाली निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | नयापारा वार्ड क्र. 7 | प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 55/116, रकबा 0.0090 हे. | बैनामा |
| 7. | 1. श्री मुकेशदास 2. श्री नरेंद्रदास 3. श्री शीतलदास पिता श्री अजरदास बघेल 4. श्रीमति गोमती बाई पिता श्री बेवा अजरदास बघेल 5. श्रीमति करमौतिन बाई बेवा तुलसीदास बघेल 6. श्री महाबल दास बघेल पिता श्री लखनदास बघेल निवासी मातादेवालय वार्ड तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति कविता छाबाड़िया पति श्री राजेश छाबाड़िया निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तह भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | मातादेवालय वार्ड क्र. | प.ह.नं. 6. ब.नं. रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 111/21, रकबा 0.0070 हे. | बैनामा |
| 8. | श्री यश कुमार देवांगन पिता श्री स्वः श्री झुमुक लाल देवागन निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्री देवेंद्र कुमार देवांगन पिता स्वः श्री बुधीनीराम देवांगन निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | गांधी मंदिर वार्ड क्र. 10 | प.ह.नं. 11/40 रा.नि.म. भाटापारा शी.क्र. 2 भूखण्ड क्र. 5/8 रकबा. 750 व.फी. | बैनामा |
| 9. | श्रीमति रूखमणी देवी अग्रवाल पति श्री किशन लाल अग्रवाल निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. | श्री आदित्य झंवर पिता श्री मनीष झंवर निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | नयागंज वार्ड क्र. 15 | प.ह.नं. 11.रा.नि.म. भाटापारा, शी.क्र.11 डी. रकबा 1324 व.मी. | बैनामा |
| 10. | 1. श्री मोहन कुमार उर्फ केजुराम पिता खुलूराम देवांगन 2. श्री सुशील कुमार देवांगन पिता खुलूराम देवांगन निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति ललिता सिंगरौल पति श्री श्रवण कुमार सिंगरौल निवासी ग्राम भरेवा तह. पथरिया जिला-मुंगेली छ.ग. श्री हर्ष गुप्ता पिता श्री राजेश गुप्ता | | प.ह.नं. 40 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 334/10 रकबा 0.0167 हे. | बैनामा |
| 11. | 1. श्रीमति श्वेता गप्ता पति श्री अमरनाथ गुप्ता 2. श्री अमरनाथ गुप्ता पिता श्री केदारनाथ गुप्ता निवासी के.के.वार्ड भाटापारा तह.भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा तह भाटापारा जिला- बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | के.के. वार्ड क्र. 9 | प.ह.नं. 10 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 259/94 रकबा 0.0054 हे. | बैनामा |
| 12. | श्रीमति हेमलता माहेश्वरी पति श्री सुनील माहेश्वरी निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति करूणा झंवर पति श्री मनीष झंवर निवासी संजय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | नयागंज वार्ड क्र. 15 | प.ह.नं. 10, रा.नि.म. भाटापारा, शी. क्र. 05 प्लाट क्र. 106/6 रकबा 1220 व.मी. | बैनामा |
| 13. | 1. श्री नरेंद्र कुमार गोविंदानी पिता श्री कोडमल गोविंदानी 2. श्रीमति ज्योति गोविंदानी पति श्री नरंद्र कुमार गोविंदानी 3. श्री विवेक गोविंदानी 4. श्री हैरी गोविंदानी 5. श्री मिलिंद गोविंदानी पिता श्री नरेंद्र कुमार गोविंदानी निवासी भगतसिंग वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति कविता वलेचा पति स्वः श्री कृष्ण वलेचा निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | लाल बहादुर शास्त्री क्र. 25 | प.ह.नं. 39 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 200/24 रकबा 0.0189 हे. | बैनामा |
| 14. | श्री अजय सचदेव पिता श्री पुरनलाल सचदेव निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | श्रीमति कविता छाबाडिया पति श्री राजेश छाबाड़िया निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 29 | प.ह.नं. 6 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 139/1, रकबा 0.0130 हे. | बैनामा |
| 15. | श्रीमति सीमा छाबाड़िया पिता श्री समन लाल छाबाड़िया निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग | श्रीमति कविता छाबाड़िया पति श्री राजेश छाबाड़िया निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तह. भाटापारा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. | मातादेवालय वार्ड क्र. 26 | प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा ख.सं. 111/21, रकबा 0.0170 हे. | बैनामा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद भाटापारा**

एक नजर

### आशीष मिश्रा का निधन



**रायपुर, 26 जुलाई।** सुभाष नगर, टिकरापारा निवासी आशीष मिश्रा (उम्र 39 वर्ष) पिता श्री तीरथ प्रसाद मिश्रा का गुरुवार रात जयपुर में दुःखद निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार और तरुण छत्तीसगढ़ के प्रबंध संपादक आशीष तिवारी के साले थे।

आशीष मिश्रा, नीरज मिश्रा, कल्पना मिश्रा और अल्पना मिश्रा के छोटे भाई थे। उनके निधन से परिजनों और परिचितों में शोक की लहर है।

स्वर्गीय मिश्रा का अंतिम संस्कार आज शनिवार को मारवाड़ी श्मशान घाट में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में परिजन, मित्र और पत्रकारिता जगत से जुड़े कई लोग शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विस अध्यक्ष से मिले अखिल जैन, भेंट की गोबर की चटाई



**रायपुर, 26 जुलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को गोबर से बनी चटाई भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने गोबर शिल्प और गौशाला में चल रहे शोध की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहरमुक्त खेती के लिए गौशाला में किए जा रहे शोध भविष्य में क्रांति लाएंगे। उन्होंने डॉ. जैन की सराहना करते हुए कहा कि रासायनिक मुक्त खेती और आत्मनिर्भर गौशाला के लिए उन्होंने अपना जीवन दे दिया है, जो सराहनीय है।

# महापौर ने जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## समस्या तत्काल दूर करवाने और लोगों को लंच पैकेट उपलब्ध करवाने दिए निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 जुलाई।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप ने विगत रात्रि लगातार बारिश होने से जलभराव की समस्या का जोन 5 और जोन 6 क्षेत्र में कुकरीपारा, प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर सहित अन्य निचले क्षेत्रों में महामाया मन्दिर वार्ड पार्षद श्रीमती जयश्री नायक और पण्डित वामनराव लाखे वार्ड पार्षद श्री बब्बी सोनकर, जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव और सम्बंधित जोन अधिकारियों सहित जलभराव की समस्या से सम्बंधित क्षेत्रों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया.



महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप ने जोन 5 और जोन 6 जोन कमिश्नरों को जलभराव की समस्या से घरों में हुए जल भराव से त्वरित राहत सम्बंधित परिवारजनों को दिलवाने तत्काल पम्प लगाकर घर में भरा जलभराव का पानी पम्प से खींचकर बाहर फेंकवाना और लोगों को त्वरित राहत दिलवाना सुनिश्चित करवाने और साथ ही जल का भराव वाले घरों में परिवारजनों को तत्काल लंच पैकेट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम जोन 5 और जोन 6 के अधिकारियों को साथ में बैठक और जलभराव क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे करते हुए जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नए नाले का शीघ्र निर्माण करवाने प्रस्ताव भेजने और सम्बंधित जलभराव क्षेत्रों में मानसून के दौरान विशेष सतर्कता और सजगता बनाये रखकर सफाई व्यवस्था लगातार अच्छी रखकर सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश सम्बंधित जोन कमिश्नरों को दिए हैं.



महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों और जोनों में लगातार बारिश के दौरान हुए जलभराव की स्थिति की जानकारी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों से लेकर शहर में लगातार अच्छी सफाई व्यवस्था कायम करने सतत मॉनिटरिंग कर सफाई सम्बंधित जनशिकायतों का जोन के स्तर पर वार्ड पार्षदों से समन्वय रखकर यथासम्भव त्वरित निदान प्राथमिकता से किया जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है.

# लगातार बारिश से वीआईपी रोड में पानी ही पानी

## पॉश इलाके के ड्रेनेज सिस्टम की खुली पोल

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 जुलाई।** राजधानी की शान कहे जाने वाले वीआईपी रोड का हाल शनिवार को किसी उपेक्षित मोहल्ले की सड़क के जैसा नजर आया. देर रात से हुई लगातार बारिश ने इस पॉश इलाके के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी. नतीजा वीआईपी रोड पर जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है. अब इसका एक वीडियो भी सामने आया है. वीडियों में साफदेखा जा सकता है कि जिस सड़क पर दिन-रात वीआईपी गाड़ियां दौड़ती रहती है, वहां सुबह से गाड़ियां के चक्के पानी में डूबे हुए नजर आए. जलभराव के चलते लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अच्छी बात ये रही कि कोई गाड़ी फंसी नहीं है, लेकिन राजधानी की इस प्रमुख सड़क पर जलभराव की स्थिति ने प्रशासन की तैयारी पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है.



शहर के इस एलिट जोन में पानी निकासी की व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे होते हैं, लेकिन महज एक रात की बारिश ने सच्चाई सामने ला दी. वीआईपी रोड के अलावा शहर के प्रोफेसर कॉलोनी में भी यही स्थिति देखी गई, जिसके बाद लोगों को अपनी परेशानी दूर करने के लिए हाईवे तक जाम करना पड़ा.

# छात्रा को प्रताड़ित करने वाले डॉक्टर को नहीं मिली अग्रिम जमानत

## एफआईआर दर्ज की गई है और मामला जाँच के अधीन है : हाईकोर्ट

■ मुख्य नगर संवाददाता

**बिलासपुर, 26 जुलाई।** मेडिकल की छात्रा को शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने के आरोपी डॉक्टर आशीष सिन्हा को हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है. हाइकोर्ट ने आदेश में कहा कि आरोपी ऐसे अपराधों से संबंधित हैं, जो गंभीर और संवेदनशील हैं, जिनमें कार्यस्थल पर एक महिला की गरिमा और शारीरिक अखंडता शामिल है. एफआईआर किसी भी तरह से प्रेरित या विलंबित नहीं लगती है.



मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा की एकलपीठ में हुई. जिसमें याचिकाकर्ता डॉक्टर आशीष सिन्हा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी. आरोपी डॉक्टर ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर में लगे आरोप को खारिज करते हुए सरकारी कर्मचारी होने और गिरफ्तार किए जाने पर करियर बर्बाद होने की दुहाई दी थी. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने मामले में दोनों पक्षों को गंभीरता से सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया. आरोपी डॉक्टर के अधिवक्ता ने दलील दी कि जब विशाखा समिति की रिपोर्ट निदेशक, चिकित्सा शिक्षा को भेजी गई और आवेदक के खिलाफकुछ भी नहीं पाया गया, तो शिकायतकर्ता ने आवेदक को किसी भी तरह से फंसाने के लिए एफआईआर दर्ज कराई.

आवेदक की अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण उनके प्रति रंजिश भी थी, इसलिए उनका वजीफा रोक दिया गया था. वह एक सरकारी कर्मचारी हैं, और यदि उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो उनका करियर बर्बाद हो जाएगा, उन्हें अग्रिम जमानत दी जा सकती है.

दूसरी ओर सरकारी वकील अमित वर्मा ने आवेदक के वकील द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्क का विरोध करते हुए कहा कि चूँकि शिकायतकर्ता, जो एक महिला डॉक्टर और पीजी छात्रा भी है, के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न से संबंधित है और प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि आवेदक ने ऊपर बताए गए अपराध किए हैं, आवेदक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मामला जाँच के अधीन है, इसलिए आवेदक अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं है.

# छत्तीसगढ़ बॉर्डर से लगे जंगलों में मिला नक्सलियों का जमा किया देशी बंदूक-बारूद

**गरियाबंद, 26 जुलाई।** नक्सलवाद पर लगातार प्रहार जारी है. छत्तीसगढ़ के गरियाबंद से लगे ओडिशा के नुआपड़ा जिले में सुरक्षाबलों को संयुक्त कार्रवाई में सफलता मिली है. बोडेन थाना क्षेत्र के काटफाड़ और छातापानी जंगलों में 25 जुलाई को एंटी नक्सल ऑपरेशन लॉन्च किया गया था. ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का डंप बरामद किया है. जहां से देशी बंदूक, जिलेटिन, गन पाउडर समेत कई विस्फोटक सामग्री बरामद किए गए हैं. नुआपड़ा एसपी जी. आर. राघवेंद्र ने इसकी पुष्टि की है.

इस अभियान को विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर डीवीएफ नुआपड़ा और सीआरपीएफ की डी/19 बटालियन (गर्जनपानी कंपनी ऑपरेटिंग बेस) द्वारा अंजाम दिया गया. जंगलों में एरिया डॉमिनेशन और तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और नक्सलियों के उपयोग में आने वाली अन्य सामग्रियां बरामद की गई.



### जवानों को क्या-क्या मिला?

बोडेन थाना क्षेत्र के काटफाड़, छातापानी इलाके में नक्सलियों के डंप से एक देशी बंदूक और 24 राउंड बरामद किया गया. इसके अलावा 10 जिलेटिन स्टिक, 3 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और लगभग 50 ग्राम बारूद बरामद किया गया. सुरक्षाबलों को 2 सोलर प्लेट, वॉकी-टॉकी चार्जर, मोबाइल चार्जर, हेयर ट्रिमर, वायर कटर, इलेक्ट्रिक टेस्टर, 6 वोल्ट बैटरी, वोल्ट मीटर, और दो बंडल इलेक्ट्रिक वायर भी मिले. इसके अलावा तीन छतरियां, एक प्लास्टिक वॉटर जार, एक जोड़ी चप्पल, कैंची, चाकू, घड़ी, दो नेल कटर, एक इन्वर्टर चार्जर बॉक्स, छह पेंसिल बैटरियां, दो-दो ब्लैक और व्हाइट इंसुलेशन टेप, एक ब्लूटूथ हेडफोन, एक गुलेल (कैटापल्ट), एक प्लास्टिक की रस्सी, एक वेजिटेबल स्लाइसर, एक जोड़ी जूते, और दो ब्लैक पॉलीथिन शीट्स भी बरामद की गई. वहीं राशन सामग्री, महिलाओं की कॉस्मेटिक और अंडरगारमेंट्स, बर्तन और दवाएं भी इस डंप से मिली हैं. यह संभवतः वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) द्वारा उपयोग के लिए रखे गए थे.

जानकारी के मुताबिक, जिस इलाके से नस्कलियों का डंप मिला है, वह छत्तीसगढ़ बॉर्डर से केवल 10-15 की दूरी पर है. पहाड़ी इलाका होने के कारण कभी खूंखार नक्सली चलपति इन्हीं इलाकों से छुप कर डिविजन कमेटी के कामो की समीक्षा करता था. नक्सल विरोधी अभियान तेज होने के बाद अब नक्सलियों के हर सुरक्षित ठिकाने को सुरक्षा एजेंसी एक्सपोज कर रही है.

# हाईकोर्ट ने एसएसपी को जारी किया अवमानना नोटिस

**बिलासपुर, 26 जुलाई।** हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अवकाश नगदीकरण भुगतान में देरी करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह को अवमानना नोटिस जारी किया है. जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की सिंगल बैंच ने आदेश की अवहेलना मानते हुए यह नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है.

पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक बैजनाथ राय, निरीक्षक रघुनंदन शर्मा, सहायक उप निरीक्षक हनुमान प्रसाद मिश्रा सहित कुल 33 पुलिसकर्मियों ने मध्य प्रदेश राज्य के समान 300 दिन के अवकाश नगदीकरण का लाभ देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता धीरेन्द्र पांडेय व विजय मिश्रा ने पैरवी करते हुए दलील दी थी कि मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों को भी 300 दिन के अवकाश नगदीकरण का लाभ मिलना चाहिए.

मामले में हाई कोर्ट ने 29 जनवरी 2025 को सुनवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को निर्देशित किया था कि वे सुप्रीम कोर्ट के फगुआ राम प्रकरण के आदेश के अनुरूप 90 दिन के भीतर याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन का निराकरण कर अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान करें. कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद एसएसपी बिलासपुर द्वारा निर्धारित अवधि में न तो अभ्यावेदन का निराकरण किया गया और न ही अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान किया गया. इससे क्षुब्ध होकर याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की. अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की बेंच ने प्रथम दृष्टया आदेश की अवहेलना मानते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है.

# हथनी और शावक ने मचाया जमकर उत्पात

## किसान समेत 2 की मौत, इलाके में दहशत



**रायगढ़, 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से निकलकर मादा हाथी अपने शावक के साथ जशपुर जिले के चार गांव में घुसकर उत्पात मचा रही है. बालाझार गांव में शुक्रवार सुबह इन हाथियों ने किसान समेत दो लोगों को कुचलकर दिया, मौके पर ही उनकी मौत हो गई. पिछले पांच दिनों में यह हाथी छह लोगों की जान ले चुकी है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. जानकारी के अनुसार, धर्मजयगढ़ वन मंडल से लगे पत्थलगांव क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल के समीप हाथी ने वन विभाग की टीम और वाहन पर हमला कर दिया. मादा हाथी ने वन विभाग की खड़ी स्कार्पियों को नुकसान पहुंचाया. बच्चों ने छत पर चढ़कर जान बचाई. स्कॉर्पियो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन चालक समेत तीन लोगों ने किसी तरह बचकर भाग निकले. पिछले पांच दिनों में यह हाथी छह लोगों की जान ले चुकी है, जिनमें से चार की मौत रायगढ़ जिले में और दो की मौत जशपुर जिले में हुई है. हाथी के डर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, कई गांवों में दिन और रात सन्नाटा पसरा हुआ है.

# छत्तीसगढ़ की टीम ने अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता में जीते 3 पदक




**रायपुर, 26 जुलाई।** 47वीं अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम ने 3 पदक हासिल किये। विद्युत कर्मियों ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में आयोजित दो दिवसीय (22 जुलाई - 23 जुलाई) ब्रिज प्रतियोगिता मे मास्टर्स प्लेयर (पेयर) श्रेणी मे रजत पदक,टीम इवेंट श्रेणी में कांस्य एवं प्रोग्रेसिव श्रेणी में भी कांस्य पदक हासिल करनें मे सफल हुये। इस तरह तीनों श्रेणियों मे राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर पॉवर कंपनी अध्यक्ष (डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन) डॉ रोहित यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारीगण अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एस के कटियार, एवं महासचिव एम एस चौहान ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस स्पर्धा में देवलाल साहू, पंकज, अमित देवांगन, शिवेश मिश्रा, दिनेश कुमार देवांगन, हरीश कुमार =ने भाग लिया। कप्तान एवं कोच पंकज चैधरी ने इस सफलता का श्रेय कंपनी प्रबंधन एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद को दिया। टीम के मैनेजर प्रशांत कुमार उरॉव थे।

## प्रदेश में अब तक 537.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 537.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 836.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 280.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 480.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 481.9 मि.मी., गरियाबंद में 412.9 मि.मी., महासमुंद में 439.3 मि.मी. और धमतरी में 417.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 588.5 मि.मी., मुंगेली में 612.1 मि.मी., रायगढ़ में 698.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 803.0 मि.मी., कोरबा में 629.4 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 566.0 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 532.0 मि.मी., सक्ती में 684.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# खूंखार नक्सली हिड़मा के गढ़ में बीआरओ ने किया बेली ब्रिज का निर्माण

## 5000 से अधिक की आबादी को होगा फायदा

**सुकमा, 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में तेज गति से विकास हो रहा है. कई दुर्गम स्थानों पर सड़क निर्माण जारी है. इस बीच सुकमा जिले में खूंखार नक्सली हिड़मा के पुवर्ती गांव से अच्छी खबर सामने आई है. भारी सुरक्षा जोखिमों और नक्सली गतिविधियों के बावजूद सीमा सड़क संगठन ने पुवर्ती को जोड़ने वाली सिलगेर-पुवर्ती सड़क के मध्य बीआरओ ने बेली ब्रिज के निर्माण पूर्ण किया गया है.

सिलगेर-पुवर्ती मार्ग पर बेली ब्रिज बनने से बारिश के दिनों में लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानी अब नहीं होगी. यह ब्रिज ग्राम तिम्मापुरम, टेकलगुड़ा, गोल्लाकोंडा, तुमलपाड़, जब्बागट्टा और पुवर्ती सहित कई गांवों को जोड़ेगा, जिससे करीब 5000 से अधिक की आबादी को इसका सीधा फायदा होगा. अब बिना जोखिम के ग्रामीण सड़क मार्ग से जिला मुख्यालय तक पहुंच सकेंगे.



ग्रामीणों में खुशी की लहर

बेली ब्रिज के निर्माण से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है. काफी सालों में लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था. खासकर बारिश के दिनों में चुनौती और भी बढ़ जाती थी. लेकिन अब यह समस्या दूर हो चुकी है.

इस ब्रिज के साथ 64 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना पर भी काम जारी है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 66 करोड़ 74 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं. इसमें अकेले एलमागुड़ा से पुवर्ती तक की 51.25 किमी सड़क के लिए लगभग 53 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26